Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 17 | शुक्रवार, 17 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# ऑटो एक्सपो का पीएम मोदी आज करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।**

करीब दो लाख वर्ग मीटर के दायरे में फैले भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में दुनिया भर की नामचीन ऑटोमोटिव और मोबिलिटी कंपनियां मौजूद रहेंगी। पहले दिन मीडिया के लिए रखा गया है जबकि दूसरा दिन कारोबारियों के लिए होगा। दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम, द्वारका में यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में ऑटो एक्सपो सज गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह 10:30 बजे सबसे बड़े एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। करीब दो लाख वर्ग मीटर के दायरे में फैले भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में दुनिया भर की नामचीन ऑटोमोटिव और मोबिलिटी कंपनियां मौजूद रहेंगी। पहले दिन मीडिया के लिए रखा गया है। जबकि दूसरा दिन कारोबारियों के लिए होगा। रविवार से आम लोग जा सकेंगे।




आयोजकों का दावा है कि 22 जनवरी तक चलने वाले आयोजन में मोबिलिटी के भविष्य के लिए एक मंच भी तैयार किया जाएगा। इसमें पांच लाख से ज्यादा लोग शिरकत करेंगे। इस एक्सपो का विषय बियोंड द बाउंड्रीज (सीमाओं से परे) रखा गया है। इस दृष्टिकोण का मकसद ऑटोमोटिव और मोबिलिटी क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देना है। इसमें टिकाऊ और अत्याधुनिक तकनीकी प्रगति पर जोर दिया जाएगा। इस बार तीन जगहों में यह आयोजित होगा। नई दिल्ली में भारत मंडपम, द्वारका में यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट। इसमें 9 से ज्यादा समवर्ती शो होंगे, जिनमें से प्रत्येक मोबिलिटी पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### ये होंगे मुख्य आकर्षण बिंदु

- अग्रणी वाहन ओईएम की भागीदारी।
- इलेक्ट्रॉनिक्स, कनेक्टिविटी, स्वायत्त ड्राइविंग और वैकल्पिक ड्राइव सिस्टम और ईंधन को शामिल करने वाले उन्नत ऑटो घटकों की भागीदारी।
- अत्याधुनिक बैटरी प्रौद्योगिकी और भंडारण समाधान।
- शून्य-उत्सर्जन और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) निर्माण उपकरणों का प्रदर्शन।
- एशिया के प्रथम हाइड्रोजन दहन निर्माण उपकरण का अनावरण ।
- सॉफ्टवेयर ऑन व्हील्स पहल।
- स्मार्ट टायर से रूबरू होने का मौका। इनमें इनबिल्ट सेंसर लगे होंगे व टिकाऊ सामग्रियों से बनाया गया है। विशेष ईवी टायर भी उपलब्ध हैं।
- नवीन इस्पात ग्रेड और उत्पादन विधियों के माध्यम से इस्पात प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति।
- डी-कार्बोनाईजेशन, सर्कुलरिटी और सड़क सुरक्षा पर अलग अलग मंडप होंगे।

## सैफ अली खान पर घर में घुसकर हमला, चाकू से 6 वार किए



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हमला करने वाले संदिग्ध शख्स की पहली तस्वीर सामने आई है। वह रात ढाई बजे छठी फ्लोर पर नीचे उतरता दिखा। मुंबई पुलिस के ऊउढ गेदाम दीक्षित ने बताया कि हमलावर सीढ़ियों से अपार्टमेंट में दाखिल हुआ और हमले के बाद सीढ़ियों से ही भागा। एक्टर पर उनके घर में घुसकर चाकू से हमला किया था। घटना मुंबई के खार स्थित गुरु शरण अपार्टमेंट के 12वें फ्लोर पर बुधवार देर रात करीब 2.30 बजे हुई। इस हमले में एक्टर को गले, पीठ, हाथ और सिर समेत 6 जगह चाकू लगा था। घायल सैफ को रात में ही लीलावती हॉस्पिटल ले जाया गया था। लीलावती अस्पताल के उडड डॉ. नीरज उत्तमानी ने बताया कि सैफ की रीढ़ की हड्डी में चाकू का टुकड़ा फंसा था और फ्लूड भी लीक हो रहा था। सर्जरी करके इसे निकाला गया है। एक्टर के बाएं हाथ पर दो गहरे घाव थे और गर्दन पर भी गहरी चोट थी।

## 25 जनवरी से शुरू होगी प्रयागराज से दिल्ली के लिए सीधी फ्लाइट



**प्रयागराज।** प्रयागराज एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए अब एयर इंडिया विमान सेवा शुरू करने जा रही है। विमानन कंपनी ने अपनी दिल्ली उड़ान की टाइम टेबल जारी कर दी है। इकोनामी व प्रीमियम वर्ग की सभी सुविधा वाली इस उड़ान का संचालन 25 जनवरी से 28 फरवरी के बीच प्रतिदिन होगा। 25 से 31 जनवरी तक यह विमान शाम 4.15 बजे उड़ान भरकर शाम 5.25 बजे दिल्ली पहुंचेगा। दिल्ली से यह दोपहर 2.10 बजे उड़ान भरकर अपराह्न 3.15 बजे प्रयागराज पहुंचेगा। हालांकि, एक फरवरी से इस विमान की समय सारिणी बदल दी जाएगी। दिल्ली से दोपहर 1.00 बजे उड़कर यह 2.05 बजे प्रयागराज एयरपोर्ट आएगा। यहां से दोपहर 2.45 बजे उड़ान भरकर अपराह्न 3.55 बजे दिल्ली पहुंचेगा।

## हिंडनबर्ग के 'बंद होने' की घोषणा के बाद अडानी समूह के शेयरों में 9% तक उछाल




**नई दिल्ली।**

अडानी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट के लिए बदनाम शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने कंपनी बंद करने की घोषणा की है।

इस घोषणा के बाद अडानी समूह के शेयरों में इंट्राडे में 9 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजारों में अडानी पावर के शेयर की कीमत में 9.2 प्रतिशत (599.9 रुपये प्रति शेयर) की बढ़ोतरी हुई। अडानी समूह के शेयरों में गुरुवार को उछाल देखने को मिल रहा है। शेयर बाजार में कंपनी के शेयर नौ फीसदी की बढ़त के साथ हरे निशान पर कारोबार कर रहे है। अडानी समूह के खिलाफ रिपोर्ट को पेश करने के बाद चर्चा में आए हिंडनबर्ग फर्म के बंद किए जाने के ऐलान के बाद अडानी समूह के शेयर तेजी से बढ़ने लगे है। अडानी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट के लिए बदनाम शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने कंपनी बंद करने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद अडानी समूह के शेयरों में इंट्राडे में 9 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजारों में अडानी पावर के शेयर की कीमत में 9.2 प्रतिशत (599.9 रुपये प्रति शेयर) की बढ़ोतरी हुई।

## उत्तर प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 14 जिलों के डीएम बदले

**लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गुरुवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए तीन मंडलायुक्त व 14 जिलाधिकारी सहित 31 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए।

हाल ही में सचिव स्तर पर प्रोन्नत हुए लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार और कानपुर नगर के राकेश कुमार सिंह अब मुख्यमंत्री के सचिव तथा बाराबंकी के डीएम सत्येन्द्र कुमार विशेष सचिव बनाए गए हैं। अलीगढ़ के डीएम विशाख जी. अब लखनऊ के जिलाधिकारी होंगे। मेरठ, आगरा व अलीगढ़ में नए मंडलायुक्त के




साथ ही मथुरा, बुलंदशहर, अलीगढ़, प्रतापगढ़, बिजनौर, कानपुर नगर, बागपत, बांदा, गाजियाबाद, मेरठ, फरुर्खाबाद, बाराबंकी और सुल्तानपुर के जिलाधिकारी बदले हैं।

## केवाईसी एप पर जानें नेताजी का आपराधिक रिकॉर्ड

**दिल्ली।** मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग द्वारा तैयार नो योर कैंडिडेट (केवाईसी ईसीआई) मोबाइल एप बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। यह एप नागरिकों को उनके क्षेत्र के प्रत्याशियों की शिक्षा, आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां आसानी से उपलब्ध कराएगा। दिल्ली विधानसभा चुनावों के मद्देनजर नामांकन प्रक्रिया आज पूरी हो जाएगी। मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग द्वारा तैयार नो योर कैंडिडेट (केवाईसी ईसीआई) मोबाइल एप बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। यह एप नागरिकों को उनके क्षेत्र के प्रत्याशियों की शिक्षा, आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां आसानी से उपलब्ध कराएगा।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 18 नक्सली मारे

**बीजापुर।**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 18 नक्सली मारे जाने की खबर है। अधिकारी ने कहा कि रुक-रुककर गोलीबारी अभी भी जारी है, आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है।

बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर व मारुड़बाका के जंगल में गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सूत्रों के मुताबिक, मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने 18 नक्सलियों को मार गिराया है और यह संख्या और भी बढ़ सकती है। बीजापुर और तेलंगाना की



सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। दक्षिण बीजापुर के जंगल में सुबह करीब नौ बजे गोलीबारी शुरू हो गई। अधिकारी ने कहा कि रुक-रुककर गोलीबारी अभी भी जारी है, आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है। बताया जाता है कि नक्सली बड़ी बैठक ले रहे थे। इसमें छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना कैडर के हार्ड कोर नक्सली बैठक में शामिल थे। इनामी नक्सलियों के भी मारे जाने की खबर है। पुलिस ने सूचना के आधार पर ये एनकाउंटर किया है। घना जंगल होने की वजह से नक्सली भाग नहीं पाये। सभी जवान सुरक्षित बताये जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस फोर्स के वापस लौटने के बाद की पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगा कि कुल कितने नक्सली मारे गये हैं। जवान नक्सलियों के शवों को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचेंगे।

## दिल्ली का मौसम : बारिश ने बढ़ाई ठिठुरन

**नई दिल्ली।**

मौसम विभाग ने शुक्रवार से चार दिन तक घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में सुबह के समय अधिकांश स्थानों पर घना कोहरा व कुछ स्थानों पर बहुत घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। आसमान साफ रहेगा। वहीं, शाम व रात में कोहरा छाए रहने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 08 डिग्री सेल्सियस के



आसपास रहेगा। राजधानी में बुधवार देर रात शुरू हुई बारिश बृहस्पतिवार सुबह तक जारी रही। इससे ठिठुरन बढ़ गई है। वहीं, कोहरे की भी मार लोगों पर पड़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, सुबह साढ़े आठ बजे तक दिल्ली में औसत 3.9 मिमी बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश पालम केंद्र में दर्ज की गई। यहां 10.1 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। वहीं, रिज में 9.7, पूसा में 8, आया नगर में 5.5, मयूर विहार में 4.5 और लोधी रोड़ में 4.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.7 अधिक के साथ 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बृहस्पतिवार को सड़कों पर जल जमाव रहा। इससे वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों को अधिक समस्या का सामना करना पड़ा। दिन चढ़ने के साथ ही कोहरे छटने लगा। इसके बाद आसमान साफ हो गया। दिन में हल्की धूप निकली।

**मौसम विभाग ने चार दिनों के लिए जारी किया घने कोहरे का अलर्ट**

## हिमपात से आफत, कश्मीर के कई संपर्क मार्ग बंद



**श्रीनगर/जम्मू।**

बारिश और बर्फबारी हुई। कश्मीर में एहतियात के तौर पर गुरेज-बांदीपोरा सहित कई मार्गों पर यातायात बंद किया गया है। प्रदेश के कई हिस्सों में वीरवार को मौसम का मिजाज बदला।

बारिश और बर्फबारी हुई। कश्मीर में एहतियात के तौर पर गुरेज-बांदीपोरा सहित कई मार्गों पर यातायात बंद किया गया है। बर्फ गिरने से बनिहाल-बड़गाम रेलखंड पर ट्रेन सेवा स्थगित की गई है। धुंध और खराब मौसम से कटड़ा-सांझीछत चॉपर सेवा बाधित रही। ताजा बर्फबारी से जिला राजोरी और पुंछ को शोपियां (कश्मीर) से जोड़ने वाला मुगल रोड के आगामी खुलने के आसार कम हैं। कश्मीर में रेल सेवा बहाल करने के लिए पटरियों से बर्फ हटाई जा रही है। घाटी के कई पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी होने के साथ मैदानी इलाकों में बारिश हुई है। पहलगाम और सोनमर्ग के पर्यटक रिसॉर्ट, जोजिला पास, बडगाम, गुरेज, बांदीपोरा, गांदरबल के ऊपरी इलाकों और अन्य स्थानों पर सुबह से ही बर्फबारी हो रही है। अनंतनाग, कुलगाम, शोपियां, पुलवामा और बारामुला के मैदानी इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई।

## स्पेस में दो सैटेलाइट को जोड़ना वाला चौथा देश बना भारत

**नई दिल्ली।**

जब- जब विशिष्ट देशों के क्लब में भारत को पहुंचाने का अवसर आया इसरो ने फर्ज निभाकर भारतीयों को गौरवान्वित किया।

चंद्रमा और सूर्य पर विजय पताका फहराने के बाद इसरो ने पहली बार अंतरिक्ष में उपग्रहों की सफल डॉकिंग कराकर एक और ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। जब दोनों उपग्रह

### अंतरिक्ष में उपग्रहों की सफल डॉकिंग कराकर एक और ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है

चेजर और टारगेट गुरुवार को एक दूसरे से जुड़े तो 140 करोड़ भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। ऐसा होना स्वाभाविक है क्योंकि यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया है। भारत से पहले केवल अमेरिका, रूस और चीन ने डॉकिंग क्षमता प्रदर्शित की है। अंतरिक्षयान से दूसरे अंतरिक्षयान के जुड़ने को डॉकिंग और अंतरिक्ष में जुड़े दो अंतरिक्ष यानों के अलग होने को अनडॉकिंग कहते हैं। अंतरिक्ष में देश के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को अपने बलबूते हासिल करने के लिए डॉकिंग क्षमता बेहद जरूरी है। इन लक्ष्यों में चंद्रमा से नमूने लाना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएसएस) का निर्माण शामिल है। यह सफलता तेजी से बढ़ते 400 अरब डॉलर के वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में भी मददगार होगी। इसरो ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट किया, भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया!



## संपादक की कलम से

### मोटापा सब पे भारी

आर्थिक विषमताओं के बावजूद देश के लोगों में मोटापे की प्रवृत्ति का बढ़ना एक गंभीर स्वास्थ्य संकट की ओर इशारा करता है। इस संकट का विरोधाभासी पक्ष यह है कि अमीर संग गरीब भी मोटापे का शिकार हैं। जिसकी वजह से देश की आबादी के लिये मोटापे के मानकों को फिर से परिभाषित किया जा रहा है। इस बाबत नवीनतम दिशानिर्देश समस्या की गंभीरता को दशार्ते हैं। दरअसल, पारंपरिक बॉडी मास इंडेक्स यानी बीएमआई नये परिदृश्य में मोटापे को तार्किक रूप से परिभाषित नहीं करता। ये हमारी शरीर में बढ़ी चर्बी को नहीं दशार्ता। यह वजह है कि नये मानक पेट की चर्बी को प्राथमिकता देते हैं। दरअसल, हमारी शरीर की बढ़ी हुई चर्बी ही कालांतर मधुमेह और हृदय रोग जैसे चयापचय संबंधी विकारों को जन्म देती है। जो भारतीयों को असमान रूप से परिभाषित करता है। यही वजह है कि अब बीएमआई को माटापे नापने में अपर्याप्त माना जा रहा है। दरअसल, मोटाप नापने का परंपरागत मानक आनुवंशिक व शारीरिक संरचना के अंतर को नजरअंदाज करता है। जिसके विकल्प के रूप में अब कमर की परिधि और कमर से ऊंचाई के अनुपात को अधिक विश्वसनीय संकेतक के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। दरअसल, वर्ष 2019–21 की अवधि के दौरान किए गये राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण–5 की रिपोर्ट के अनुसार देश में 23 फीसदी महिलाएं अधिक वजन वाली और चालीस फीसदी मोटे पेट वाली थीं। जबकि 22 फीसदी पुरुष अधिक वजन वाले और 12 प्रतिशत मोटे पेट वाले थे। विरोधाभासी रूप से गरीबों में भी इसका प्रभाव नजर आया है। दरअसल, आर्थिक विसंगतियों के बावजूद लोग कैलोरी सघन व पोषक तत्वों की कमी वाले प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के विकल्प को चुनते हैं। ऐसे में इन खाद्य पदार्थों का सेवन करने वाले अधिक वजन वाले तो हो जाते हैं मगर रहते कुपोषित ही हैं। दरअसल, तेजी से बढ़ते शहरीकरण और निष्क्रिय जीवनशैली ने भी मोटापे की समस्या को बढ़ाया है। यह संकट उन कम आय वाले समूहों में भी है, जहां स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा की कमी इससे जुड़े जोखिमों को बढ़ा देती है। निर्विवाद रूप से पोषण संबंधी खामियों और अस्वास्थ्यकर जीवनशैली के कारण ही मोटापे की समस्या बढ़ रही है। खासकर शहरी क्षेत्रों में जंक फूड का बढ़ता प्रचलन इस समस्या को बढ़ा रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी सामर्थ्य के अभाव में असंतुलित आहार जैसी चुनौतियों का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया में बाजार के भ्रामक प्रचार के चलते युवा स्वास्थ्य की बजाय सौंदर्यशास्त्र को प्राथमिकता देते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

# क्या आप लगा पाएगी दिल्ली में चुनावी चौका

आगामी पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल जोड़-तोड़ करने में जुट गए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) व कांग्रेस पार्टी के बीच होना तय माना जा रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के बीच हुआ था। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। मगर इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। वहीं विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी। कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने व पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणात्मक होने की संभावना बनने लगी है। दिल्ली में तीन बार सरकार बनाकर आप ने मजबूत पकड़ बनायी हैं। वहीं लोकसभा चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भाजपा आप के सामने टिक नहीं पा रही है।



आप के अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन से 28 दिसंबर 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के चलते 49 दिन में ही सरकार गिर गई थी। फरवरी 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप ने 67 सीटें जीतकर एक नया इतिहास रच दिया था। आप को 54.34 प्रतिशत वोट मिले थे। अरविंद केजरीवाल ने 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उस चुनाव में भाजपा को मात्र तीन सीट तथा 32.19 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली तथा वोट भी घटकर 9.65 प्रतिशत रह गये थे।

2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटे जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई थी तथा वोटो का प्रतिशत भी बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया था। कांग्रेस को इस बार भी कुछ नही मिला था। कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले थे। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई थी।

2 अक्टूबर 2012 को गांधी जयंती के दिन आम आदमी पार्टी का गठन किया गया था। पार्टी के गठन के ठीक एक साल एक महीने और दो दिन बाद 4 दिसंबर 2013 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के वोट डाले गए थे। 8 दिसंबर 2013 को चुनाव के नतीजे आए तो आप को 28 सीटें तथा 29.49 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उनकी नई दिल्ली सीट पर करीब 26000 वोटो से हराया था। उस चुनाव में भाजपा को 31 सीट व 33.07 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस को 8 सीट व 24.55 प्रतिशत वोट मिले थे।

उस वक्त कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के चक्कर में आप को समर्थन देकर अरविंद केजरीवाल को पहली बार मुख्यमंत्री बनवाया था। कांग्रेस की यही भूल अब तक कांग्रेस को लगातार जीरो पर आउट कर रही है। उस वक्त यदि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को समर्थन नहीं दिया होता तो आगे विधानसभा चुनाव के नतीजे अलग हो सकते थे। मगर अपनी भूल का कांग्रेस आज तक खामियाजा उठा रही है। 1998 से 2008 तक लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली कांग्रेस 2013 में मात्र 8 सीटों पर सिमट गई थी। कांग्रेस की एक भूल उस पर इतनी भारी पड़ गई कि वह आज तक संभल नहीं पा रही है।

दिल्ली में लोकसभा चुनाव के करीब 8 महीने बाद विधानसभा चुनाव होते हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा 2014 से 2024 तक लगातार दिल्ली की सातों सीटों पर जीत दर्ज करवाती आ रही है। वहीं विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के वोट डालने का ट्रेंड बदल जाता है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी सात सीटों पर जीत दर्ज कर 46.63 प्रतिशत यानी 38 लाख 38 हजार 850 वोट प्राप्त किए तथा 60 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आप को 33.08 प्रतिशत यानी 27 लाख 22 हजार 887 वोट मिले थे तथा 10 सीटों पर आगे रही थी। वहीं कांग्रेस को 15.22 प्रतिशत यानी 12 लाख 53 हजार 78 वोट मिले थे। कांग्रेस एक सीट पर भी आगे नहीं थी। वही 2015 के विधानसभा चुनाव में आप को 67 सीटों पर जीत मिली थी।

इसी तरह 2019 में भाजपा ने 56.85 प्रतिशत यानी 49 लाख 8 हजार 541 वोट लेकर सभी सीट जीती थी। तथा 65 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। वहीं आप को 18.20 प्रतिशत यानी 15 लाख 71 हजार 687 वोट मिले थे और सीट एक भी नहीं जीती थी। आप किसी विधानसभा सीट पर आगे नहीं रही थी। वहीं कांग्रेस को 22.63 प्रतिशत यानी 19 लाख 53 हजार 900 वोट मिले थे। कांग्रेस को सीट एक भी नहीं मिली मगर पांच विधानसभा सीट पर आगे रही थी।

2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने लगातार तीसरी बार सभी सातों सीटों को जीतकर 54.35 प्रतिशत यानी 48 लाख 44 हजार 180 वोट प्राप्त किए थे। वहीं 52 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आप को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। पार्टी को 24.17 प्रतिशत यानी 21 लाख 54 हजार एक वोट मिला था। पार्टी 10 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। वहीं कांग्रेस का भी सुपड़ा साफ हो गया था तथा उसे एक भी सीट नहीं मिली थी। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से समझौता कर चुनाव लड़ा था। समझौते में आप ने चार व कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें कांग्रेस को 18.91 प्रतिशत यानी 16 लाख 85 हजार 494 वोट मिले थे। कांग्रेस ने आठ विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की थी।

पिछले दो विधानसभा चुनाव के मतदान का ट्रेंड देखे तो दिल्ली में करीबन 16 से 18 प्रतिशत मतदाता ऐसे होते हैं जो किसी भी पार्टी के समर्थन नहीं है। वह हवा का रूख देख कर मतदान करते हैं। आप को स्विंग वाटरों की बदौलत दो बार भारी बहुमत मिल चुका है। स्विंग वोटर का झुकाव जिधर होता है उसी की जीत तय होती है। लोकसभा चुनाव में तो राष्ट्रीय मुद्दों के चलते स्विंग वोटर भाजपा की तरफ झुक जाता है। मगर विधानसभा चुनाव में उसका मूड बदल जाता है। जिसका लाभ आम आदमी पार्टी को मिलता है।

पांच फरवरी को होने वाले मतदान में सबसे बड़ी भूमिका इन फ्लोटिंग वोटरों की होगी। इनका झुकाव जिस तरफ होगा उसी पार्टी को जीत मिलेगी। चुनाव में बहुत कम समय बचा है। ऐसे में सभी पार्टियों के दिग्गज नेता चुनावी मैदान में उतरकर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए जुटे हुए हैं। जेल जाने के चलते अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा था। उनके स्थान पर अतिशी मालेर्ना को 21 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री बनाया गया था। उसके बाद से आम आदमी पार्टी में बड़ी उठा पटक मची हुई है। इसी के चलते पार्टी ने बड़ी संख्या में पुराने विधायकों की टिकट काटी है। दूसरे दलों से आने वाले दलबदलुओं को भी बड़ी संख्या में टिकट दिया गया है।

दिल्ली विधानसभा के चुनाव ने तो इंडिया गठबंधन की नींव तक हिला डाली है। जहां गठबंधन में शामिल कांग्रेस व आप आमने-सामने चुनाव लड़ रहे है। वहीं तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (यूबीटी) ने आप को समर्थन देने की घोषणा कर कांग्रेस को ठेंगा दिखा दिया है। आप के लिए लगातार चौथी बार जीत का चौका लगाने का सुनहरा मौका है। वहीं भाजपा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अपनी सरकार बना कर डबल इंजन की सरकार का नारा सार्थक करना चाहती है। कांग्रेस का भी प्रयास है कि कुछ सीट जीत कर अपनी खोई प्रतिष्ठा को फिर से हासिल किया जाए। बहरहाल सभी दलों के लिए इस बार का चुनाव बड़ा ही रोमांचक व कड़ी टक्कर वाला होने जा रहा है। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री वही बनेगा जिसे दिल्ली की जनता चाहेगी। **–रमेश सर्राफ धमोरा**

## ममता शर्मा



जिंदगी

कविता

कभी जिंदगी मुझे सुनसान सी लगी
कभी जिंदगी मुझे वीरान सी लगी

ठोकरे लगी इतनी की जिंदगी मुझे
एक शमशान सी लगी

ज्यादा करीब आके जिंदगी को मैंने देखा तो जिंदगी
मुझे एक मुकाम सी लगी

कभी इसने रुलाया मुझे तो कभी इतना हसाया
की जिंदगी मुझे रंगमंच का मैदान सी लगी

मैं इतनी बार गिरी और गिरकर फिर संभली
की जिंदगी मुझे इम्तिहान सी लगी

मैंने कितना ही इसको गले लगाया पर
आज जिंदगी मुझे नमक हराम सी लगी


सिर्फ दर्द ही दर्द दिया इसने
की जिंदगी मुझे दर्द हमाम सी लगी

बोलती है छोड़ दूंगी एक दिन तेरा साथ
ये जिंदगी मुझे बदनाम सी लगी

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मेटा की माफी से सोशल मीडिया मंचों को सख्त सन्देश



ललित गर्ग

फेसबुक के लिये भारत एक संभावनाओं भरा बड़ा बाजार होने के बावजूद उसकी भारत के प्रति सोच भ्रामक, विवादास्पद एवं नकारात्मक रही है। फेसबुक और मेटा भारत के तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और फेकन्यूज को लेकर विवादों में घिरती रही हैं। हाल ही में मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग एक बार फिर भारत को लेकर दिये गलत बयान के मामले में फंस गए हैं। जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि कोरोना के बाद दुनिया के कई देशों में मौजूदा सरकारें गिर गईं। भारत के लोकसभा चुनाव में भी नरेन्द्र मोदी सरकार हार गई। यह जनता का सरकारों में घटता भरोसा दिखाता है। इस बयान के बाद संसद की आईटी एंड कम्युनिकेशन मामलों की स्टैंडिंग कमिटी के अध्यक्ष और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि इस गलत बयान पर कंपनी को माफी मांगनी चाहिए। वरना हमारी समिति उन्हें मानहानि का नोटिस भेजेगी। भारत सरकार की सख्त आपत्ति को देखते हुए भले ही मेटा ने माफी मांग ली हो, लेकिन मार्क भरोसे के लायक नहीं है। यह माफी जहां जरूरी थी वही अब स्वागतयोग्य भी है। लेकिन मार्क का भारत के प्रति नजरिया गैर जिम्मेदाराना, लापरवाहीपूर्ण एवं दोषपूर्ण है। ऐसी निरंकुश सोच एवं उच्छृंखल मानसिकता की बुनियाद पर संबंधों की खड़ी होने वाली ईमारत खोखली एवं विनाशकारी ही होती है।

यह वाकई हैरत की बात है कि जकरबर्ग ने भारत को भी उन देशों में शामिल कर लिया जहां पिछले साल चुनाव में सरकारों ने सत्ता गंवाई। तथ्य यह है कि भाजपा की सीटें भले कम हुई हों, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने बहुमत हासिल कर सरकार में वापसी की एवं सफलतापूर्वक सरकार को चला रही है। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और न केवल देश में बल्कि दुनिया में भारत का परचम फहरा रहे है। इस तथ्य से जकरबर्ग कैसे अनजान हो सकते हैं? क्या वह जानबूझकर भारत सरकार के बारे में गलत सूचनाएं फैला रहे हैं? क्या यह शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्रों के साथ-साथ वहां की बड़ी आर्थिक शक्तियों की भारत के प्रति विरोधाभासी दुर्भावना नहीं है। कैसे मान लिया जाये कि यह गलती अनजाने में हुई है? क्या दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया मंच फेसबुक को संभालने वाली इतनी बड़ी कंपनी के मालिक से ऐसी गलती की उम्मीद की जा सकती है और ऐसी गलती उनको शोभा देती है कि वह भारत जैसे देश के चुनाव परिणाम से परिचित न हों? अगर यह गलती जुकरबर्ग से भूल या अनजाने में हुई है, तो भी यह गंभीर बात है।

मेटा इंडिया भी जुकरबर्ग की ही कंपनी है, जिसके एक आला अधिकारी ने कहा है कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी समूह मेटा के लिए भारत एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण एवं संभावनाभरा खास देश बना हुआ है। मेटा अपने व्यापार को भारत में विस्तारित करने के लिये विभिन्न योजनाओं पर काम भी कर रहा है। भारत मेटा के लिए बहुत अहम देश है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मार्च 2024 में जामनगर में हुए बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में जुकरबर्ग शामिल हुए थे। तभी उन्होंने रिलायंस के साथ इसको लेकर एक समझौता किया था। इस तरह मेटा के लिए भारत अहम है, तो इसके मालिक को भारत का नाम बहुत संभलकर एवं सोच




समझकर लेना चाहिए। वैसे भी भारत सरकार अमेरिका, यूरोपीय देशों या चीन की तरह आक्रामक एवं उग्र नहीं है। आक्रामक देशों में तो सरकारें फेसबुक या मेटा की गलतियों पर उसे न केवल सबक सीखाती है बल्कि कई बार ऐसी गलतियों के चलते कंपनियों को भारी जुमार्ना भी चुकाना पड़ता है। उन देशों की कड़ाई का ही नतीजा है कि सोशल मीडिया कंपनियां इन देशों में बहुत सजग रहती हैं, जबकि भारत के मामले में उनकी नीति बदल जाती है। भारत की उदारता का ये कंपनियां अधिकतम दुरुपयोग करना चाहती हैं। भारत को भी उदारता, सरलता एवं लचीलेपन की जगह कठोर एवं सख्त रवैया अपनाना चाहिए क्योंकि भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने के साथ दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र एवं ठोस जगह बना चुका है। जुकरबर्ग से जुड़ा यह ताजा मामला ऐसे ही लोगों के लिये एक सबक एवं चेतावनी बनना चाहिए। भारत सरकार को चाहिए कि वह ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों को चेतावनी के शब्दों में सचेत कर दे कि वे भारत के महत्व को समझें, पर्याप्त सजग एवं सावधान रहें। भारतीयों को पता है कि साल 2019 में अमेरिका में फेडरल ट्रेड कमीशन ने उपयोगकर्ता की गोपनीयता का उल्लंघन करने के लिए फेसबुक पर पांच अरब डॉलर का जुमार्ना लगाया था।

मेटा प्रमुख मार्क के भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी प्रतिक्रिया दी और इसे ह्लगलत जानकारीह्व करार देते हुए तथ्य और विश्वसनीयता बनाए रखने का आह्वान किया। मेटा के पब्लिक पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट, शिवनाथ ठुकराल ने अश्विनी वैष्णव के पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा, ह्लमार्क जुकरबर्ग का यह कहना कि 2024 के चुनावों में कई देशों में सत्ताधारी पार्टियां फिर से नहीं चुनी गईं, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। हम इस अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए बेहद महत्वपूर्ण देश है और हम इसके इनोवेशन से भरे भविष्य का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं।ह्व भारत को अपना बाजार मानने वाले मेटा के लिये ऐसी भूल अनायास या जानबूझकर जैसे भी हो, होना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि भारत जैसे सशक्त एवं ताकतवर लोकतांत्रिक देश के लिये गलत जानकारी प्रसारित करना देश की छवि को धूमिल करती है। यह तो भारत की उदारता, सहिष्णुता एवं भलमनसाहत है कि उसने ऐसी अक्षम्य गलती पर भी माफी से संतोष कर लिया, वरना भारी जुमार्ना या अन्य कठोर सजा के प्रावधान हो सकते थे। फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा हासिल करने के मकसद से हो रहा है। लेकिन इसके लिये समाज को नुकसान पहुंचाना कैसे जायज हो सकता है? इस तरह की गैर जिम्मेदारी एवं लापरवाही खतरनाक हो सकती है और इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। ताजा विवाद को सरकार ने गंभीरता से लिया है, यह अच्छी बात है। लेकिन जरूरी है कि चिंता इसी मामले तक सीमित न रहे। हेट स्पीच, तथ्यों को तरोड़मरोड़ कर प्रस्तुत करना और फेक न्यूज के ऐसे अन्य मामले भी राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सरकार की सख्ती जहां मेटा को ज्यादा जिम्मेदार बनाये वहीं अन्य मंचों के लिये भी सबक बने।

माफी के बाद जुकरबर्ग जैसे मालिकों को भी यह सुनिश्चित होगा कि उनके अधीन चलने वाले सोशल मीडिया मंचों पर भारत के प्रति किसी झूठ, भ्रम एवं असत्य बयानी का सिक्का न चले। क्योंकि भारत की उदारता को उसकी कमजोरी मानने की मानसिकता घातक हो सकती है। भारत को लेकर कोई गलत सूचना संचारित-प्रसारित न हो, तथ्यों की प्रामाणिकता एवं सच्चाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मनगढ़ंत या झूठी सूचनाओं का प्रचार- संचार अब भारत के लिये सहनीय नहीं है। फेसबुक या अन्य सोशल मंचों पर बहुत सारी झूठी, भ्रामक, विध्वंसक या फर्जी सूचनाएं समय-समय पर घूमती रहती हैं, जिससे भारत की राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द, इंसानी सद्भावना आहत होती रही है। भारत के कतिपय राजनीतिक दल इसके लिये ऐसे मंचों को प्रोत्साहन भी देते हैं लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद भारत को मजबूती से इनके खिलाफ खड़े होकर उनको उनकी जमीन दिखाना ही चाहिए। ऐसी सख्ती ही भारत की छवि को मजबूती प्रदान करेंगी एवं तभी दुबारा ऐसा दुस्साहस करने की कोई चेष्टा नहीं करेगा।

# सामान्य प्रेक्षकने निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों की बैठक

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** नगर निकाय चुनाव को स्वतंत्र,निष्पक्ष,पारदर्शिता व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पादन कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग से सामान्य प्रेक्षक नरेंद्र सिंह जनपद भ्रमण पर है।गुरुवार को विकास भवन सभागार में सामान्य प्रेक्षक ने निर्वाचन में लगे अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश देते हुए कहा कि मतदान बूथों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कर ली जाए, साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान पार्टियों के सरकारी भवन में ही अवस्थान व खाने की व्यवस्था भी कर ली जाए। मतदान में लगे कार्मिक कतई भी आतिथ्य स्वीकार नही करेंगे। तथा आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन में स्ट्रांग रूम का महत्व महत्वपूर्ण है। मानक के अनुसार स्ट्रांग रूम बनाएं जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में गलती क्षम्य नही होती है,इसलिए नामित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के लिए खाने पीने के साथ ही पोलिंग पार्टियों को लाने व ले जाने वाले वाहन अच्छी हालात में हो इसका ध्यान रखा जाए। चुनाव ड्यूटी में ऐसे कार्मिक कदापि न लगाएं जाय जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से राजनीति पार्टी के प्रत्याशी के रिश्तेदार व नातेदारी से जुड़ा हो।

उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम को चौबीस घण्टे चालू रखा जाए। कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेते हुए निस्तारण किया जाए। प्रेक्षक ने पुलिस व आबकारी विभाग को अवैध शराब को लेकर रात्रि में भी वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिए। जिन वाहनों को चेक कर लिया जाता है उनके नम्बर रजिस्टर में अंकन करने को कहा। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी अपनी पोलिंग पार्टियों की पहुंचने की सूचना अपने सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को देंगे। साथ ही प्रत्येक दो घण्टे की मतदान प्रतिशत की सूचना भी देंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी/सीडीओ आरसी तिवारी ने निर्वाचन की तैयारियों के बारे में बताते हुए कहा कि जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ ही चुनाव ड्यूटी में तैनात मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। निर्वाचन से सम्बंधित सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है।बैठक में एडीएम एनएस नबियाल,एसडीएम मोनिका,पीडी शिल्पी पंत,डीडीओ संगीता आर्या,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर पांडेय सहित नोडल,सहायक नोडल अधिकारी एवं जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ मुकदमा दर्ज

**कांधला।** कस्बे की नई बस्ती निवासी एक व्यक्ति के सामने उसकी पुत्री के साथ मनचलो ने छेड़छाड़ कर दी पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।कस्बे की नई बस्ती निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि देर शाम वह अपनी 15 वर्षीय पुत्री के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर डॉक्टर से अपनी पुत्री को दवाई दिलवाने के बाद घर जा रहा था। आरोप है कि तभी बीच रास्ते में आधा दर्जन युवकों ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकत कर दी। जब पीड़ित के द्वारा विरोध किया गया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पिता पुत्री के साथ जमकर मारपीट की। शौर शराबा होने पर आसपास के दर्जनों लोग भी इकट्ठा हो गए, आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित व्यक्ति ने थाने पहुंचकर आधा दर्जन मनचलों के विरुद्ध थाने पर छेड़छाड़ करने का अभियोग दर्ज कराया है। पुलिस ने नई बस्ती निवासी सोय्यब एवं, शहजाद का लड़का सहित चार अज्ञात के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी

# बेसिक के बच्चों को मिड डे मील में अब शहद और बाजरे के लड्डू या हलबा देने पर हो रहा मंथन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** परिषदीय विद्यालयों के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक के साथ कंपोजिट विद्यालयों में बच्चों को दिए जाने वाले मिड डे मील (एमडीएम) में कुछ और पोषक तत्वों से भरे खाद्य पदार्थों को शामिल करने पर सरकार विचार कर रही है। इसके तहत सप्ताह में एक या दो दिन 5 से 15 मिलीलीटर शहद तथा सप्ताह में एक दिन बाजरे का हलवा या लड्डू बच्चों को दिए जाने पर विचार चल रहा है। सरकार का मानना है कि इससे बच्चों में पौष्टिक तत्वों की कमी को दूर किया जा सकता है। दरअसल केन्द्र सरकार ने इस संबंध में राज्यों को पत्र भेजा है, जिसमें कहा गया है कि राज्य सरकारें अपने स्टेट बजट से बच्चों को मिड डे मील के साथ सप्ताह में एक या दो दिन 5 से 15 मिलीलीटर शहद व एक अन्य दिन बाजरे का हलवा या लड्डू बच्चों के मिड डे मील में शामिल कर सकते हैं। यह उसी प्रकार से होगा जैसे यूपी में यहां की राज्य सरकार अपने स्टेट बजट से बच्चों को मौसमी फल देती है। इससे पहले दो वर्ष पूर्व केंद्र सरकार ने ही यूपी में एमडीएम में स्कूली बच्चों को बाजरे की खिचड़ी परोसने के लिए कहा था। इसके लिए बाजरे की पर्याप्त आपूर्ति करने का भरोसा भी दिया गया था लेकिन कुछ दिनों बाद ही बाजरे की आपूर्ति नहीं हो पाने से प्रदेश में एमडीएम में बच्चों को बाजरे की खिचड़ी दिए जाने की योजना बन्द हो गई है। ऐसे में अब केंद्र सरकार की ये मंशा कि एमडीएम में बाजरे का हलवा या लड्डू दिए जाने को लेकर भी प्रदेश में अधिकारी संदेह व्यक्त कर रहे है। प्रदेश के मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम छापने की शर्त पर बताया है कि मैन्यू में नए आइटम जोड़े जाने की घोषणा तो कर दी जाती है लेकिन उसके लिए कच्चा माल उपलब्ध कैसे होगा और कहाँ से होगा इसकी व्यवस्था नहीं कराई जाती। फिलहाल यदि शहद का वितरण बच्चों को किया जा सका तो ये खबर शहद उत्पादन से जुड़े मधुमक्खी पालकों के लिए अच्छी होगी लेकिन इतना शहद उपलब्ध हो पाएगा या नहीं यह भी एक बड़ा सवाल है।

# व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले में तीन गिरफ्तार, जेल

वेलकम इंडिया



**कांधला।** एसओजी, सर्विलांस व थाना कांधला पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में व्यापारी से अवैध वसूली के लिए रुपयों व गाडी की मांग करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पकडे गए अभियुक्तों के पास से अवैध हथियार व कार बरामद की गई है। एसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का ईनाम देने की घोषणा की है।

कांधला क्षेत्र के मौहल्ला मिर्दगान निवासी आबिद सैफी पुत्र गाजूदीन की सैफी ट्रैडिंग कम्पनी नाम से कांधला में दुकान है।गत 8 जनवरी को सुरेन्द्र काला के नाम से फोन कर 50 लाख रुपए और एक फार्चुनर गाडी की रंगदारी मांगी गई थी। धमकी देने के संबंध में पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। गुरूवार को एसपी रामसेवक गौतम ने पत्रकारों को जानकारी दी कि घटना में शामिल तीन अभियुक्तों जुबेर पुत्र रहीशुद्दीन निवासी ईदगाह कालौनी लिसाड़ी रोड़ मेरठ, जहूर पुत्र मंजूर निवासी मौहल्ला मिर्दगान, कांधला व युसुफ पुत्र उमरदीन निवासी मौहल्ला छोटी नहर बाई पास रोड़ कस्बा व थाना कांधला को सुन्ना नहर पटरी से चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। पकडे गए अभियुक्तों के पास से अवैध दो तमंचे मय 3 जिन्दा व एक खोखा कारतूस 315 बोर व एक नाजायज चाकू व एक कार बरामद हुई है। पुलिस ने पकडे गए अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। एसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का ईनाम देने की घोषणा की है।

**कांधला।** पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि जहूर की दो पुत्रियों की शादी आगामी 19 फरवरी को तय है। जिसके लिए रुपयों की आवश्यकता के कारण जहूर द्वारा अपने साथी युसुफ व जुबैर व सिकन्दर पुत्र मौसम अली निवासी ग्राम खानपुर जपती थाना लोनी जिला गाजियाबाद ने आपस में सलाह मशवरा किया गया कि आबिद सैफी के पास काफी पैसा है। इससे धमकी देकर फिरौती में रुपये प्राप्त किये जा सकते हैं। सभी ने आपस में सलाह करके जुबैर ने सिकन्दर द्वारा उपलब्ध कराये गये मोबाईल फोन से 50 लाख रुपये व फोरच्यूनर गाडी की फिरौती की मांग करायी गयी। ना देने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। धमकी में प्रयुक्त किये गये मोबाईल व सिम को तोडकर गंग नहर में फैंक दिया गया।

# बिजली की करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत, पशु स्वामी ने थाने में दी शिकायत

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** के गाँव नगला अलगर्जी में शुक्रवार को प्रातः एक मजदूर की पैलोंन भैंस बिजली का करट लगने से मर गई। पुलिस ने मौके पर पंहुचकर घटनास्थल पर जांच की। भैंस स्वामी रिषी ने थाने में शिकायत दे दी है। जानकारी अनुसार मजदूर रिषि पुत्र अशोक जब अपनी भैंस को लेकर साकी कराने के लिए जा रहे थे, रास्ते में भैंस विदक गई और हाथों से छूटकर भाग गई।

वंहा पर 11 हजार की लाइन का जाल टूटा पडा था और जिसमें करंट आ रहा था, भैंस का पैर उस करंट का तार पर पड गया जिसने उक्त भैंस को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो कुत्ते भी बिजली की चपेट में आने से उनकी भी मौत हो गई। भैंस के स्वामी ने सीधे-सीधे विभाग को दोषी ठहराते हुए इन्द्र कमल धाम कालोनी मंडी समिति रोड़ मार्ग पर आक्रोशित होकर मुआवजा देने की माग उठाई। भैंस की कीमत लगभग सवा लाख रुपये बताई जा रही है। भैंस पालक ने थाने में शिकायत दे दी है और वंही पशु डाक्टर ने भैंस का पोस्ट मार्टम करने की कार्यवाही की है।

अशोक कुमार, भीकम सिंह, अखिलेश, श्याम वीर, आकाश, आशीष कुमार, राघवेंद्र ने आरोप लगाया कि गाव के मंडी समिति रोड पर बिजली की जर्जर हालात बनी हुई है तथा गाव में अनेकों जगह तारे काफी नीचे लटके होने से आए दिन हादसा होने का भय बना रहता है लेकिन बिजली विभाग कुंभकर्णी नींद सोये हुए हैं।

## तारिक अनवर के जन्मदिन पर मनाई गई खुशी



**संतकबीरनगर।** आल इंडिया कौमी तंजीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर के जन्मदिन पर उत्तर प्रदेश कौमी तंजीम के जिलाध्यक्ष मुहम्मद परवेज अख्तर के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने ने खुशी जताते हुए मुबारकबाद दिए हैं। जिलाध्यक्ष मुहम्मद परवेज अख्तर ने कहा कि तारिक अनवर का जन्म शाह तारिक अनवर के रूप में बिहार विधानसभा के सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व सदस्य शाह मुश्ताक अहमद और बिलकिस जहान के घर 16 जनवरी 1951 को अरवल, बिहार में हुआ था। वह स्वतंत्रता सेनानी शाह मोहम्मद जुबैर के पोते हैं। वह वर्तमान में बिहार के कटिहार लोकसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हम सभी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हाजी मुहम्मद नजीर, सय्यद तारिक हुसैन, अहमद जमाल अंसारी, मोईन अंसारी, सुनील पाण्डेय, अतीक सिद्दीकी, सतीश साहनी, निसार अहमद, मुहम्मद हुजेफा, अकरम नजीर, डॉ. शाहरुख अहमद सिद्दीकी, सत्यम पाण्डेय, अमित कुमार सिंह आदि ने मुबारकबाद दिए हैं। साथ उनके दीघार्यु की कामना भी की गयीं।

# प्रशासन द्वारा समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत पर संज्ञान लेकर किया जा रहा समाधान : एसडीएम

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार।** एसडीएम ज्योति मित्तल ने वीरवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को तत्परता से निवारण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

समाधान शिविर में एसडीएम ज्योति मित्तल ने एक-एक कर नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई शिकायतों का अधिकांश का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने बताया कि एक छत के नीचे नागरिकों की शिकायतों के यथाशीघ्र निपटारे के उद्देश्य से हर कार्य दिवस पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है।

समाधान शिविर में पहुंचे गांव संदलाना के ग्रामीणों ने पीने के पानी की पाइप लाइन बदलवाने की शिकायत पर एसडीएम ज्योति मित्तल ने संबंधित अधिकारी को मौके मुआयना कर समस्या को दुरूस्त कर एटीआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गांव बहबलपुर निवासी रघुराज ने बरसात के कारण मकान में पड़ी दरारों की शिकायत पर एसडीएम ने सबंधित अधिकारी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव उमरा के ग्रामीणों ने एक कंपनी द्वारा खेतों में पाईप लाइन को न ढक्कने की शिकायत पर एसडीएम ज्योति मित्तल ने संबंधित अधिकारी को मामले पर तुरंत संज्ञान लेने के निर्देश दिए। गांव कन्नौह निवासी संदीप ने राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला के शैड निर्माण में अध्यापकों द्वारा ग्रांट में की गई गड़बड़ी की शिकायत पर एसडीएम ने जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं गावं मसूदपुर के ग्रामीणों ने घरों के ऊपर से गुजर रही 33 केवी लाइन को हटवाने की शिकायत पर एसडीएम ज्योति मित्तल ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसई को मामले की जांच कर आगामी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# गलेई गांव के पास मृत मिला नर गुलदार

वेलकम इंडिया



**गरुड़।** गरुड़ तहसील क्षेत्र के गलेई गांव में एक नर गुलदार मृत अवस्था मे मिला दिखा।जिसके बाद वहां मृत गुलदार को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मामले कि जानकारी वन सरपंच बलवंत सिंह द्वारा इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई।

सूचना मिलते ही गड़खेत वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी और वन कर्मी मौके पर पहुँचे। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने मृत गुलदार के शव को कब्जे में लिया।वन विभाग द्वारा मृत नर गुलदार के शव का पंचनामा भरकर पशुचिकित्सा अधिकारी को भी मौके पर बुलाया। जहा पशु चिकित्सा अधिकारी पी के पाठक ने नर गुलदार का पोस्टमार्टम किया। जिसके बाद वन कर्मियों द्वारा उसे जला कर दफन कर दिया गया। वन क्षेत्राधिकारी केवलानंद पांडे ने बताया किनर गुलदार की मौत का कारण प्रथम दृष्टया आपसी संघर्ष में घायल होने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। बाकी गुलदार की मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। इस मौके पर वन रक्षक चंदन सिंह, त्रिभुवन सिंह, तारा सिंह फर्स्वाण सहित ग्रामीण आदि लोग मौजूद थे।

# खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** जिले में मकर संक्रांति के बाद खिचड़ी भोज कराने के कार्यक्रम जगह-जगह आयोजित किए जा रहे है, पौराणिक मान्यताओं और आयुर्वेद में इसका एक अलग ही महत्व माना गया है। खिचड़ी भोज कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को किला चौराहा स्थित सत्यप्रकाश पार्क पर नर सेवा, नारायण सेवा, को आत्मसात करते हुए खिचड़ी, चाय व कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक शोभित अग्रवाल ने कहा कि हमारे आयुर्वेद में चावल को चंद्रमा के रूप में, काली उड़द की दाल को शनि का प्रतीक, हल्दी को बृहस्पति का प्रतीक, नमक को शुक्र का प्रतीक, हरी सब्जियां को बुध का प्रतीक माना गया है।

वहीं इन सभी के मेल से बनी खिचड़ी की गर्मी व्यक्ति के मंगल और सूर्य के संबंध को मजबूत बनाती है, इस प्रकार खिचड़ी खाने से सभी प्रमुख ग्रह मजबूत हो जाते हैं। यह परंपरा हमारे सनातन धर्म में प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के पर्व के दिन से प्रारंभ हो जाती है।

इस अवसर पर योगेंद्र गंगवार (पवन) ने कहा कि मकर संक्रांति से लेकर माघ माह में नए अन्न की खिचड़ी खाने से हमारा शरीर पूरे साल आरोग्य बना रहता है।

खिचड़ी दाल, चावल, हल्दी, नमक और सब्जियों से मिलकर बनती है, जो संतुलित और पौष्टिक आहार होती है। इसी के साथ ये सर्दियों में शरीर को गर्म और ऊर्जा देने वाला भोजन भी माना गया है।

इस अवसर पर इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शलभ अग्रवाल, पार्षद रंजीत कुमार व अंकित शर्मा, ज्ञान प्रकाश लोधी का विशेष सहयोग रहा।

# श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय में युवा प्रतिभा महोत्सव का हुआ समापन

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय द्वारा आयोजित युवा प्रतिभा महोत्सव का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूज्य संत सोमदत्त दीक्षित ठाकुर जी महाराज, डायरेक्टर नंद किशोर शर्मा एडवोकेट, सचिव श्रीमती मधु शर्मा ने गणेश जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं आरती उतारकर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संत सोमदत्त दीक्षित ठाकुर जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा की सिद्धि विनायक महाविद्यालय ने खेलों के द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का मनोबल ऊंचा किया इसके लिये महाविद्यालय प्रशंसा का पात्र है। और बृज रज का भजन सुनाकर सबको मोहित कर दिया। अतिथियों ने विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों को मैडल और पुरस्कार और सम्मान पत्र और नगद पुरस्कार बांटे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में राधा कृष्ण इंटर कॉलेज कौन्हाई, राधाकुंड के छात्र मोहित ने पहला पुरुस्कार एलईडी टीवी, राधामाधव इंटर कॉलेज सतोहा की छात्रा तनु पुंडीर ने दूसरा पुरुस्कार रेंजर साईकल, लॉर्ड कृष्णा इंटर कॉलेज अडींग के छात्र अरशलन रजा ने तीसरा पुरुस्कार सीलिंग फैन जीतकर प्राप्त किया। वही सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 161 सांत्वना पुरस्कार भी बांटे गये। प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार शर्मा, शिक्षा निदेशक महेश चंद्र अग्रवाल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। संचालन प्रशासनिक अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट खेलकूद प्रभारी दिलीप यादव ने संयुक्त रूप से किया। सतीश शर्मा विपुल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर टीकम सिंह राजावत, विष्णुकांत शर्मा, बाल कृष्ण सैनी, राजेश शर्मा, पवन कुमार, कुमरपाल सिंह, जयप्रकाश कुंतल, भानु अग्रवाल, हारून, देवीराम, दिनेश कौशिक, चंद्रशेखर जोशी, प्रकाश सिंह, याचना शर्मा, प्रियंका तिवारी, अर्चना माथुर, नीलम, उमा जोशी, दीपा चतुर्वेदी, बुलबुल कौशक, अनुराधा मिश्रा आदि उपस्थित।

# महिला कल्याण बाल विकास पुष्टाहार कैबिनेट व प्रभारी मंत्री बेबी रानी मौर्य ने जरूरतमंद बेसहारा लोगों को बांटे कंबल

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** सामाजिक संस्था जुल्म के खिलाफ आवाज संगठन के तत्वाधान में मथुरा रोड स्थित पंचतीर्थ अम्बेडकर पार्क पर विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सूबे की महिला कल्याण बाल विकास पुष्टाहार केबिनेट व प्रभारी मंत्री बेबी रानी मौर्य मौजूद रही थी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ बाबा साहब की प्रतिमा पर प्रभारी मंत्री बेबी रानी मौर्य व अध्यक्ष चौधरी बिजेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण करके किया था। आयोजक जुल्म के खिलाफ आवाज संगठन अध्यक्ष चौधरी बिजेन्द्र सिंह, ग्राम पंचायत चाचपुर भटेला प्रधान नीतू सिंह, जिला प्रभारी मुरारी लाल गौतम, लोकेश विमल पठाखे वालों सहित पूरी टीम ने 16 किलो बाबा साहब की पीतल की प्रतिमा, दो चांदी के मुकुट व विशाल फूल माला से स्वागत किया था, मंचासीन भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, भाजपा जिलामंत्री प्रीति चौधरी का भी संगठन सलाहकार राजेश सिंह एडवोकेट व पूर्व सभासद मुन्नालाल ने संयुक्त रूप ने गर्म शोल पहनाकर भव्य स्वागत किया था।

प्रभारी मंत्री बेबी रानी मौर्य ने शीत लहर व सर्द हवाओ से बचाव के लिये करीब एक हजार गरीब असहाय जरूरत मंदो को कंबल वितरित किये थे। संगठन के कार्यकर्ताओ द्वारा जय भीम के नारों से प्रांगण गूंज उठा था। बेबी रानी मौर्य ने संगठन अध्यक्ष चौधरी बिजेंद्र सिंह द्वारा किये जा रहे जनहित कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन को सरकार को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। कांग्रेस बाबा साहब के नाम बाबा साहब के अनुयायियों को संविधान खत्म करने के नाम पर गुमराह कर रही है। प्रदेश सरकार ने दलित समाज के उत्थान के लिए चार लोगों को दलित समाज को मजबूत करने का काम किया है। जब भी सरकार की मदद की जरुरत होंगी तो बेबी रानी के दरवाजे 24 घंटे के लिये खुले है। बेबी रानी मौर्य ने संगठन के अध्यक्ष चौधरी बिजेंद्र सिंह सहित संगठन के सेकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई थी, उन्होने भाजपा से अधिक से लोगों से जुड़ने के लिये आग्रह किया। कार्यक्रम के बाद प्रभारी मंत्री ने अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह के ओढ़पुरा स्थित आवास पर स्वल्पहार भी किया था।संचालन जिलाध्यक्ष सरदार सुरजीत सिंह ने किया।

इस मौके पर आलोक कुमार, उमेश चंद्र गौतम, राम राव अम्बेडकर रिंकू जाटव, राजेश गौतम, किशन लाल मौर्य, चंद्र शेखर रावण, मुकेश कुमार, निजामुद्दीन मालिक, पूर्व प्रधान दारा सिंह, दिलीप डब्बू, अनिकेत वाल्मीकि, संतोष कुमार, शिव कुमार, सुरेन्द्र सिंह, भगवान सिंह, मनोज कुमार, अमित कुमार, विकास मास्टर, चौधरी जोगेंद्र सिंह, लकी चौधरी, रजनी चौधरी, रामवीर सिंह, विपिन अभिषेक, कौशल कराते, गरिमा सिंह आदि सेकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## कैन्टर चालक को नशीली चाय पिलाकर रुपये चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** एसएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 03 जनवरी 2025 को वादी गुलजार पुत्र इकराम निवासी ग्राम सौदत थाना किला परिक्षितगढ जनपद मेरठ ने थाना गुलावठी पर तहरीर दी कि वह आईसर कैन्टर ल्फ-38अऊ-4183 पर बतौर चालक नौकरी करता है। दिनांक 01.01.2025 को वह सोनपरी मिल कुमेर भरतपुर राजस्थान से आइसर कैन्टर में खल लेकर गुलावठी में विकास ट्रेडिंग निकट धौलाना अड्डा आया था तभी एक लडका उसके पास चाय लेकर आया और बोला चाय पी लो लाला जी ने भेजी है। हमने चाय पी ली उसके बाद वह खल की गाडी उतारकर जैसे ही थोडी दूर चला तो वह बेहोश हो गया। जब वह होश में आया तो कैन्टर छपरावत स्टेशन के पास सूनसान जगह पर खडा था तथा उसमें से रुपये गायब थे। इस सम्बन्ध में थाना गुलावठी में मुकदमा अज्ञात में पंजीकृत किया गया।

# शिक्षक संघ प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता अध्यक्षता में श्रद्वाजंलि सभा का आयोजन किया

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** शिक्षक संघर्षो एवं उपलब्धियों के महानायक स्व0 ओम प्रकाश शर्मा की चौथी पुण्य तिथि पर आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र की अध्यक्षता में संगठन के केन्द्रीय कार्यालय 109 विधायक आवास, राजेन्द्र नगर में श्रद्वान्जलि सभा का आयोजन किया गया।

संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र ने स्व0 शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद श्रद्वान्जलि देते हुए कहा कि शिक्षकों के मसीहा स्व0 ओम प्रकाश शर्मा ने जीवनपर्यन्त शिक्षकों के लिए संघर्ष किया और अन्तिम समय तक संघर्ष करते रहे। आज से चार वर्ष पूर्व 16 जनवरी, 2021 को मेरठ में जिला विद्यालय निरीक्षक, कार्यालय में आयोजित धरना में भीषण ठन्ढ के बाद भी सम्मिलित हुए और उसी शाम सायं 07 बजे अपने आवास पर इस संसार से विदा ली। मेरठ की सभा में स्व0 शर्मा ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा था कि ह्यह्यशून्य से कहॉ पहुंचे यह आप जाने और अब कहा रहना है यह भी आप जानेंह्यह्य। यह शिक्षकों के लिए नसीहत थी। स्व0 शर्मा के संघर्ष और उपलब्धियों से शिक्षकों को समाज में सम्मानजनक स्थान मिला है।

श्रद्वाजलि सभा का संचालन जिलामंत्री महेश चन्द्र ने किया। श्रद्वाज्जलि सभा में प्रदेशीय मंत्री डा0 आर0के0 त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, मण्डलीय अध्यक्ष तुलसी राम मिश्र, सदस्य राज्य कार्यकारिणी अमीर अहमद, सदस्य राज्य परिषद अनुराग मिश्र, डा0 पी0के0 पन्त, विश्वजीत सिंह, समन्वय समिति के संयोजक इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आर0पी0 सिंह, आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक, संयुक्त मंत्री पुष्पेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष विनीता श्रीवास्तव, क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शुक्ल, क्षेत्रीय मंत्री प्रेम शंकर शास्त्री, कार्यालय प्रभारी रामचन्द्र यादव, एवं सहायक ओम प्रकाष यादव आदि ने स्व0 शर्मा की प्रतिमा पर पुष्पाज्जलि अर्पित करते हुए उनके साथ बिताए गए क्षणों के संस्मरण सुनाए।

# सिभावली पुलिस लूट के मामले में तीन दिन बाद पहुंची घटनास्थल का मौका मुआयना करने

वेलकम इंडिया



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा नहर पुल के पास बाइक सवारी युवक के साथ तीन दिन पूर्व कार सवार लोगों के द्वारा लूट की घटना को अंजाम देने के मामले में पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। जिसको लेकर तीन दिन बाद सिंभावली पुलिस को घटनास्थल का निरीक्षण करने की आई याद।बता दें कि सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव नवादा कलां निवासी समरजीत उर्फ सुमित ने तीन दिन पूर्व थाने में तहरीर देकर अपनी तहरीर में उल्लेख किया था।कि वह पास के गांव धनपुरा में एक भैंसा खरीदने के लिए गया था। पैसे कम पड़ने पर वह अपने घर से ?30000 की नगदी लेकर बाइक से सवार होकर गांव धनपुरा जा रहा था। जैसे ही वह नवादा नहर पुल के पास धनपुरा मार्ग पर पहुंचा। तभी कार सवार लोगों ने उसे रोक कर उसके साथ मारपीट की और रू30000 की नगदी एक मोबाइल मोटरसाइकिल लूट कर फरार हो गए थे। जिसको लेकर उसने थाने में नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की थी। जिसमें पुलिस के द्वारा लीपा पोती करने के चलते पुलिस तीन दिन बाद घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए पहुंची है। इन सभी तथ्यों के मददेनजर इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस अपनी ड्यूटी का निर्वाह कितनी सतर्कता के साथ कर रही है।

# सिटी मोंटेसरी स्कूल में संविधान गौरव गोष्ठी का आयोजन किया

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** संविधान गौरव दिवस के अवसर पर भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा सिटी मोंटेसरी स्कूल, विशाल खंड गोमती नगर शाखा में ‡संविधान गौरव गोष्ठी‡ का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी का अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया।

संविधान गौरव दिवस पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन ने संविधान के रूप को समय-समय पर बदल कर जनता को गुमराह किया है ऐसी सभी बातों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संविधान गौरव संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। आज वह लोग संविधान की कॉपी हाथ में लेकर घूमते हैं जिन्होंने समाज के आरक्षण बिल को संसद में फाड़ने का काम किया है।देश के अंदर दलित और पिछड़ों को सम्मान से जीने का हक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिया है। अन्य पार्टियां प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम करती है। जिनके परिवार के लोग ही पार्टी में काबिज है। प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा भीमराव अंबेडकर की विचारधारा के अनुरूप धरातल पर कार्य करते हुए जन-जन का दिल जीतने का कार्य किया है।

स्वर्गीय पी.वी. नरसिम्हा राव के निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस मुख्यालय में प्रोटोकॉल के तहत निर्धारित आधिकारिक स्थान देने से इनकार कर दिया गया था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मार्गरेट अल्वा ने भी इस अनुचित व्यवहार पर आपत्ति जताई थी।

स्वर्गीय पी.वी. नरसिम्हा राव का किया गया अनादर कांग्रेस की अवसरवादी राजनीति का प्रतिबिंब है। उन्हें यह याद रखना चाहिए कि किसने बाबासाहेब अंबेडकर को दिल्ली में दाह संस्कार का सम्मान देने से इनकार किया था और किसने उनके निधन के बाद राजधानी में उनके स्मारक के निर्माण में अड़चनें पैदा की थीं। कांग्रेस, जिसने सत्ता के लिए बार-बार संविधान के मूल भाव को तोड़ा है, उसे बाबासाहेब अंबेडकर की विरासत पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है।

पूर्व मंत्री एमएलसी महेंद्र सिंह ने कहा कि लाखों लोगों की कुबार्नी के बाद हमको आजादी मिली उन सभी को मैं नमन करता हूं। कांग्रेस पार्टी ने बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा भारत की संस्कृति, सभ्यता के समावेश के साथ रचित संविधान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया और समय-समय पर अपने स्वार्थ के लिए संशोधन किये और संविधान का गला घोटने का काम किया।

# विधायक नेबालिका कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बालिकाओं को ट्रैक सूट वितरण किए



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया के द्वारा जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के अंतर्गत आने वाले गांव अठसैनी में स्थित बालिका कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत ट्रैक सूटों का वितरण किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाली बालिकाओं के ट्रैक सूट पाकर चेहरे पर मुस्कान देखी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान नौजर अनवार सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# आठवें पे कमीशन के गठन का निर्णय स्वागत योग्य: द्विवेदी



**लखनऊ/ संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने आठवें पे कमीशन के गठन का स्वागत किया है। श्री द्विवेदी ने कहा है कि संगठन शुक्रताल, मुजफरनगर में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में प्रस्ताव पारित कर अपना मांग पत्र केंद्र सरकार को भेजा था, जिसको संज्ञान लेकर केंद्र सरकार ने आठवें पे कमीशन के गठन का निर्णय लिया है। उम्मीद करता हूँ कि केंद्र सरकार जल्द से जल्द आयोग का गठन कर सदस्यों की नियुक्ति करेगा।

# लोहे की खंभे में जंग लगने से टूटने की संभावना



**कोरांव प्रयागराज।** नगर पंचायत कोराव त्रिमुहानी रिद्धि मोबाइल शॉप के पास मुख्य सड़क के कोने पर एक लोहे का बिजली का पोल लगा हुआ है नीचे से करीब एक फीट तक जंग लगकर वह गल चुका है तेज हवा के साथ बिजली का खम्भा कभी भी गिर सकता है यह लोहे का खंबा मौत को बुरी तरह से दावत दे रहा है जिससे बड़ा हादसा होने की संभावनाएं हैं दुकान दारो का कहना है कि कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा गया फिर भी इस खम्भे को नहीं बदल गया दुकानदारों का कहना कहां गया कि तेज हवा में हिलता भी है खम्भे के चारों तरफ घर बने हुए हैं हरदम गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है कभी भी गाड़ियों के धक्के से भी खंभा गिर सकता है।

# डीएम द्वारा चकबन्दी कार्यों की दिसम्बर माह तक की प्रगति के आधार पर समीक्षा बैठक की

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी व जिला उप संचालक चकबन्दी चन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा चकबन्दी कार्यों की दिसम्बर माह तक की प्रगति के आधार पर समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा प्रथम चक्र के नए गजट 6 ग्रामों तथा द्वितीय चक्र के पांच ग्रामों के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि इन ग्रामों में चकबन्दी अधिकारी एवं सहायक चकबन्दी अधिकारी तथा बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ग्राम में बैठक कर चकबन्दी प्रक्रिया में आने वाले गतिरोध को दूर करें, तथा कार्य प्रगति आगे बढ़ाएं।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि नए गजट ग्रामों में कार्य प्रगति हेतु विशेष रूप से प्रथम चक्र के ग्राम के सम्बन्ध में एस० ओ० पी० (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार कर ले तथा नए सहायक चकबन्दी अधिकारी को प्रशिक्षित करने हेतु तथा एस० ओ० पी० के अनुसार कार्य करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का निर्धारण करें। प्रत्येक नए ग्राम में तीन लेखपालों को नियुक्त करते हुए 10 दिन में सर्वे पूर्ण करने का अभियान चलाया जाए, जिससे नए ग्रामों में समय से प्रगति पूर्ण कर सकें।

जिलाधिकारी द्वारा धारा 8 के अन्तर्गत नए ग्रामों में प्रत्येक गाटो के विनमय अनुपात के निर्धारण के सम्बन्ध में यह निर्देशित किया गया कि इसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं की जाए अन्यथा पूरी चकबन्दी प्रक्रिया दूषित हो जाती है। ग्राम कुंवरपुर, त्यौर बुजुर्ग, पहासू देहात के सम्बन्ध में यह निर्देशित किया गया कि इन ग्रामों से सम्बन्धित सहायक चकबन्दी अधिकारी दो दिन के भीतर आकार पत्र-23 के निर्माण से लेकर धारा 19 में चक सृजन करने तथा धारा 20 में प्रारंभिक चकबन्दी योजना के प्रकाशन से लेकर धारा 23 तक की कार्य योजना चकबन्दी अधिकारी के माध्यम से बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को प्रस्तुत करें।

# पौष पूर्णिमा एवं मकर संक्रांति पर यात्री सेवा एवं भीड़ नियंत्रण की नीतियों का किया गया सफल संचालन

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** महाकुंभ के अंतर्गत कार्य करते हुए उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल ने गत 13 एवं 14 जनवरी को पौष पूर्णिमा एवं मकर संक्रांति पर्वों के पहले दो स्नानों पर प्रयाग जं. तथा फाफामऊ जं. स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों की यात्रा को निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान करते हुए सुगम बनाने का सफलतापूर्वक कार्य किया।

प्रयाग जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन पर टिकट चेकिंग, टिकट बुकिंग कार्य सहित अन्य वाणिज्य संबंधी सेवाओं के लिए 380 कर्मचारियों को अलग अलग पालियों में कार्य करने के लिए लगाया गया।

स्काउट एवं गाइड संस्था के 60 एवं सिविल डिफेन्स के 28 कर्मचारियों को भी भीड़ प्रबंधन एवं यात्री सेवा हेतु कार्य करने के लिए अलग अलग स्थानों पर लगाया गया।

यात्रियों के खानपान के लिए प्रयाग जं.पर 10 एवं फाफामऊ जं. स्टेशन पर 08 फूड यूनिटों की व्यवस्था की गई है। जबकि एक जलपान गृह प्रयाग जं. एवं एक जलपान गृह फाफामऊ जं. स्टेशन पर उपलब्ध हैक

इन स्टेशनों पर यात्री सुरक्षा हेतु कुल रेल सुरक्षा बल के 1440 कर्मचारियों को तैनात किया गया। 03 प्रशिक्षित डॉग और इनके 06 हैन्डलर कार्य कर रहे हैं। दिनांक 13 को 1543 (02 केस रेफरेल सहित) एवं दिनांक 14 को 1488 (04 केस रेफरेल सहित) कुल 3031 मरीजों का उपचार किया गया।

प्रयाग जं.,फाफामऊ जं. तथा प्रयागराज संगम स्टेशन पर 300 सीसीटीवी कैमरों द्वारा 18 टी वी स्क्रीन के माध्यम से एकीकृत कमांड सेंटर में 50 कर्मचारियों द्वारा 24 घंटे निगरानी की जा रही हैक दिनांक 13 को 10 ट्रेन एवं दिनांक 14 को 10 ट्रेन कुल 20 मेला स्पेशल ट्रेनों को चलाया गया।

## मल्लिकाएं ए अवध कैलेंडर में फिर दिखी मिसेज एशिया विजयता सचदेवा



**लखनऊ।** मल्लिकाएं ए अवध श्वेता तिवारी एवं गर्व फाउंडेशन द्वारा रविवार को लखनऊ में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान लखनऊ सेलिब्रिटी अवार्ड नाइट सीजन 27 कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अनुपम तिवारी सेलिब्रिटी गेस्ट अदा खान एवं सिद्धार्थ तथा शो डायरेक्टर गर्व तिवारी आयोजक श्वेता तिवारी ने दीप प्रज्वलन के बाद मल्लिकाएं ए अवध इंडस्ट्री के कैलेंडर 2025 को लांच किया इस कैलेंडर का अगस्त माह वाराणसी की जानी-मानी सेलिब्रिटी (मॉडल) मिसेज एशिया विजयता सचदेवा को समर्पित रहा यह लगातार चौथा मौका है जब इस कैलेंडर में विजयता सचदेवा को जगह मिली है।

# अब नगर निगम को हर रोज वसूलने होंगे एक करोड़ रुपये, तब होगा लक्ष्य पूरा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** नगर निगम में टैक्स विभाग की वसूली की रफ्तार जस की तस बनी हुई है। हालत यह है कि अब वित्तीय वर्ष 2024-25 के के 72 दिन ही शेष रहने के बाद भी आधा लक्ष्य भी पूरा नहीं हो सका है। अब लक्ष्य पूरा करने के लिए रोज एक करोड़ रुपये की वसूली की चुनौती सामने आ गई है।आपको बता दें कि नगर निगम बरेली के हाउस टैक्स का लक्ष्य 126 करोड़ रुपये का है जो अफसरों को 31 मार्च तक पूरा करना है, लेकिन अब तक इस मद में 48 करोड़ रुपये ही जमा हो पाए हैं। बेहद कम वसूली होने पर शासन से लगातार जवाब मांगा जा रहा है जिसकी वजह से टैक्स विभाग के अफसर परेशान हैं। कम वसूली की वजह से बरेली नगर निगम डी श्रेणी में चला गया है। शासन स्तर से पिछले दिनों अधिकारियों को चेतावनी भी जारी की जा चुकी है लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। कम वसूली के लिए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की ओर से जीआईएस सर्वे को कारण बताया जा रहा है। हालांकि हाउस टैक्स की मद में बड़े करदाताओं के पास सबसे ज्यादा पैसा दबा हुआ है। टैक्स विभाग के मुताबिक ऐसे करीब 50 हजार नए भवनस्वामी भी हैं, जो जीआईएस सर्वे के बाद टैक्स के दायरे में आए हैं। इनमें से अधिकांश ने अब तक हाउस टैक्स जमा नहीं किया है।

## तीन महीने तक वसूली ठप होने से पड़ा असर

जीआईएस सर्वे के बाद अप्रैल 2024 से जून 2024 तक हाउस टैक्स की मद में बिल्कुल भी पैसा जमा नहीं हुआ था। यही अब विभाग को सबसे ज्यादा भारी पड़ रहा है। इसके बाद बिलों में गड़बड़ियों की वजह से लोगों ने टैक्स जमा करने से हाथ खींच लिए। इसी कारण नगर निगम प्रदेश में सबसे कम वसूली करने वाली श्रेणी में आ गया है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य की ओर से कई अधिकारियों का वेतन रोकने के बाद विभाग ने तेजी दिखाते हुए करीब दो हजार भवनों को कुर्की का नोटिस भेजा गया है। हालांकि इसका भी अभी कोई इसका नतीजा सामने नहीं आया है।

# दीवान इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज कॉलेज में हुआ कार्यशाला का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मेरठ।** परतापुर बाईपास मेरठ स्थित दीवान इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के बीएड विभाग में छात्रों के लिए कैरियर एवं व्यवसायिक निर्देशन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पारुल वर्मा अतिरिक्त डीआईओएस, मेरठ को आमंत्रित किया गया।

कार्यशाला का आरंभ दीवान ग्रुप के चेयरमैन विवेक दीवान, ग्रुप के कार्यकारी निदेशक कर्नल डॉ. नरेश गोयल, वग्रुप की सलाहकार डॉ. श्रुति अरोड़ा, डीआईएमएस विभाग से डॉ श्वेता शर्मा, डी आई एम एस के प्रिंसिपल डॉ. मुनेंद्र कुमार की उपस्थिति में हुआ।

कार्यशाला की मुख्य अतिथि डॉक्टर पारुल वर्मा ने बच्चों को बताया कि कठिन परिश्रम से ही मुश्किल से मुश्किल लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है, अतः अपनी तैयारी को एक नया आयाम दे और कठिन परिश्रम करें। साथ ही साथ-साथ किसी भी समस्या का समाधान मनोवैज्ञानिक तरीके से करने के लिए विभिन्न तौर तरीके सिखाए।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. श्वेता शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यशाला में दीवान इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्रिंसिपल डॉ. मुनेंद्र कुमार एवं सभी प्राध्यापकों पुष्पेंद्र कुमार, डॉ० ज्योति पुंडीर, डॉ0 सूजा जॉर्ज स्टेनली, धर्मवीर सिंह, डॉ0 राहुल गुप्ता, मीनू सचदेवा, रिचा अग्रवाल एवं राजीव कुमार ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये, जो कि सभी छात्राओं के लिए बहुत ही शिक्षाप्रद और यादगार रहा।

# जन चौपाल लगा सीओ चकबन्दी ने सुनी किसानों की समस्याएं

वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** लालगन्ज तहसील अन्तर्गत चकबन्दी प्रक्रिया अधीन राजस्व ग्राम पूरे निर्मल गिरधर मे चकबन्दी सीओ और चकबंदी लेखपाल सुनील चौहान और कानूनगो चकबन्दी ने किसानो सग बैठक कर किसानो की समस्याओं को गम्भीरता पूर्व सुनवाई करते हुए समस्याओ का निस्तारण का भरोसा दिलाया और किसानो से उनके सुझाव मागा।

जनपद प्रतापगढ़ का गाव पूरे निर्मल गिरधर चकबन्दी अधीन है ।लेकिन कुछ विषयो पर चकबन्दी अधीन गाव के किसान चिन्तित रहे है ।जिसका सो ओ चकबन्दी के गाव मे पहुंचने पर ग्रामीण ने लिखित देकर चर्चा की जिसपर सी चकबन्दी ने गम्भीरता से सुनते हुए किसानो के प्रत्येक सवाल का स्पष्टता से जवाब देते हुए सन्तुष्ट करने का प्रयास किया।

किसानो ने कहा कि चकबंदी अधीन गाव मे भूमि प्रबन्ध समिति का अध्यक्ष ग्राम प्रधान होता है जिसे सम्बन्धित गाव से कुछ सदस्यों की आमंत्रित कर चुनना होता है ।लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा जो सदस्य चुने गये है वो सम्बन्धित गाव के नही है । इस पर सो ओ चकबन्दी ने कहा कि यह मेरे अधिकार क्षेत्र से अलग विषय है, यदि यह शिकायत है तो इसके लिए आप एस ओ सी महोदय से मुलाकात कर उनसे निवेदन कर बता दीजिए । वो निश्चय ही प्रभावी निर्णय लेगे ।तो वही जमीन आरक्षित किए जाने के सवाल पर किसानो से सी ओ ने कहा कि यदि किसान ग्राम चकबन्दी समिति अध्यक्ष के आरक्षित जमीन के आवेदन से सन्तुष्ट नही है तो हम अध्यक्ष को नोटिस जारी करेगे जिस दिन उन्हे बुलाया जाएगा आप किसान बन्धु भी रहकर अपनी माग रखे दोनो का मिलान कर सन्तोषजनक निर्णय लेकर नियमानुसार कार्यवाही होगी ।तो वही मतरूक ,डबल,मालियत आदि विषयो पर भी सी ओ चकबन्दी ने किसानो को पूर्णतया सन्तुष्ट करबे का प्रयास करते हुए कहा कि कुछ पेपर आपको देना आवश्यक है कुछ जिम्मेदारियां आपको भी बहन करनी होती है ।यदि आपके द्वारा दिए गये पेपर वास्तविक होगे तो किसी को चिन्ता की जरूरत नही है । इसके अलावा सी ओ चकबन्दी ने जरूरी कागजात कहा से मिले्ए उसकी भी जानकारी दी और फिर कुछ जरूरी विषयो पर पैदल ही खेत खलिहान तालाब का स्थलीय निरीक्षण करते हुए लेखपाल और कानूनगो को निर्देशित किया कि दो तीन दिन मे पैमाइस कर स्पष्ट रिपोर्ट हमे दो।

अन्ततः किसानो से चकबन्दी सी ओ ने एक बार पिर वार्ता करते हुए कहा कि मै भी किसी गाव से ही हू ।कदापि किसी के साथ गलत नही होने दिया जाएगा। आप लोग अफवाहो के बजाय आवश्यक और जरूरी बातो को हमारे सामने लाए जो नियमानुसार और न्यायसंगत होगा सुना जाएगा और आपके हित मे फैसला होगा । यही चकबन्दी का उद्देश्य भी है कि जितना सभव हो विवादो को शून्य किया जाए।

# फील्ड में नहीं बैठ रहे लेखपाल, ग्रामीण परेशान

**मथुरा/चौमुहां।** लेखपालों के कस्बा में नहीं बैठने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण ओमप्रकाश ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर चौमुहां लेखपाल द्वितीय सतेंद्र की शिकायत करते हुए कहा कि वह न तो तहसील में ही मिलते और न ही कस्बा पर मिल रहे हैं। क्षेत्र में उनकी नवीन तैनाती हुई है और वह बिना किसी जानकारी के ही उनके आय प्रमाण पत्र को निरस्त कर रहे हैं। वह कई बार आय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर चुके हैं। लेखपाल हर बार निरस्त कर देता है। कस्बा निवासी संजय सिंह ने बताया कि खतौनी में आदेश में नाम है। जबकि फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए नाम खतौनी में मुख्यतः चढ़ा होना चाहिए। वह इसे ठीक कराने के लिए लेखपाल के तहसील में भी चक्कर काट आए हैं। और यहां चौमुंहा पर भी इंतजार करते हैं। पिछले 15 दिन से लेखपाल नहीं मिला है। चौमुंहा लेखपाल सतेंद्र ने बताया कि जांच कर ही आय प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगा रहे हैं। किसी कमी के चलते ही आय प्रमाण पत्र निरस्त हुआ होगा।

# बसपा सर्वसमाज की हितैषी पार्टी है : राजीव अंबेडकर



वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** विधानसभा स्वार के ग्राम सीकमपुर टांडा में बहुजन समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई ।जिसमें पार्टी की विचारधारा से लोगों को अवगत कराते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कार्यकारिणी सदस्य राजीव अंबेडकर ने कहा कि बसपा सर्वसमाज की पार्टी है ।पार्टी की मुखिया बहन मायावती चार बार प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं ।उन्होंने अपने शासनकाल में बिना भेदभाव के सर्वसमाज की बेहतरी और प्रदेश की तरक्की के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए। बहन जी के नेतृत्व और समाज हित में किए गए कार्य प्रेरणादायक हैं।

उन्होंने जनपद में पार्टी को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचा जाए और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ा जाए ।उन्होंने कार्यकताओं से पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि आम लोगों से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें बताया जाए कि बसपा ही सर्वसमाज की हितेषी पार्टी है। इस अवसर पर भीम प्रिय गौतम, राजेश खन्ना, विकास कुमार, मतलूब अली, मास्टर विक्रम सिंह, नरेंद्र सिंह, विनोद कुमार, चंद्रपाल सिंह, विकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# जनता में विश्वसनीयता के लिए साफ सुथरे ढंग से काम करें: नगरायुक्त

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** नगर निगम जोनल ऑफिस सभागार में नगर निकायों के एकाउंट से जुडे. अधिकारियों, एकाउंटेंट, लिपिकों व कम्पयूटर ऑपरेटरों को एकुअल आधारित दोहरी लेखा प्रणाली का दो दिन का प्रशिक्षण दिया गया। नगरायुक्त संजय चौहान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. अर्चना द्विवेदी, अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय ने प्रशिक्षु अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये।

मंडलायुक्त डॉ हृषिकेश भास्कर यशोद ने जे.एन.एन.यू.आर.एस के सुधारों के अंतर्गत गत 14 वर्षो में निगम को छोड़कर अन्य निकायों में मुख्य सुधारों को क्रियान्वयन न करने पर स्थानीय निकाय के एकाउंट से जुडे.लोगों के लिए एक कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए थे। जिस पर स्थानीय निकाय प्रभारी अधिकारी डॉ. अर्चना द्विवेदी ने सभी स्थानीय निकाय के एकाउंट से जुडे. अधिकारियों, चार्टड एकाउंटेंट, लिपिकों व कम्पयूटर ऑपरेटरों के लिए दो दिन की कार्यशाला निगम के जोनल सभागार में निर्धारित की थी। कार्यशाला में लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, चार्टर्ड एकाउंटेट सच्चिदानंद त्रिपाठी, सहायक लेखाधिकारी राजीव कुशवाहा, सहारनपुर स्मार्ट सिटी के लेखाकार रजनीश धीमान व टैली सॉफ्टवेयर प्रोग्रामर तनवीर ने प्रशिक्षण दिया।

नगरायुक्त संजय चौहान ने प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि डबल एंट्री सिस्टम से सभी निकायों में वित्तीय अनुशासन बन सकेगा और वह अपनी बात तार्किक रुप से अपने पालिकाध्यक्ष व चेयरमैन को समझा सकेंगे। उन्होंने कहा कि जब हम अपने घर का हिसाब-किताब ठीक रख सकते हैं तो अपने संस्थान/प्रतिष्ठान का हिसाब क्यों नहीं ठीक रख सकते। उन्होंने कहा कि अपनी देनदारियों को सूचीबद्ध करें तभी आप सही से काम कर सकेंगे। उन्होंने निकायों में व्यवस्था को ठीक करने के प्रयास निरंतर किये जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आप साफ सुथरे ढंग से चलेंगे तभी जनता में आपकी विश्वसनीयता कायम रह सकेगी।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. अर्चना द्विवेदी ने कहा कि देयता के बारे में सोचे और उसी को ध्यान में रखकर अपनी योजनाओं व बजट में समन्वय बनाएं। यदि किसी हैड में बजट नहीं है तो उसे स्पष्ट करते चलें। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन राजीव कुशवाहा ने किया।

# डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट में पुलिस प्रशासन द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** मथुरा रोड़ स्थित बी.एच.आर.सी. डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट में दिल्ली (दरियागंज) स्थित हेड ऑफिस डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल एवं पुलिस प्रशासन मथुरा-वृन्दावन के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं एवं पुरुषों को जागरूक करने हेतु पोश ट्रेनिंग एवं मिशन शक्ति नारी सुरक्षा एवं नारी सम्मान का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ ।जिसके अंतर्गत पुलिस प्रशासन की ओर से एंटी रोमियो स्क्वायड की जिला प्रभारी एस.आई. अलका रानी ने सभी अस्पताल कर्मचारी, मेडिकल छात्र एवं छात्राओं को प्रिवेंशन ऑफ सीक्वेंस हारासमेंट के बारे में एवं मिशन शक्ति नारी सुरक्षा तथा नारी सम्मान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए समस्त कानून एक्ट और सहायता हेल्पलाइन के बारे में बताया। इसके अलावा सभी अपराधों, साइबर फ्रॉड और मोबाइल लिंक के द्वारा होने वाले अपराधों से बचाव के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

दिल्ली हैड ऑफिस से आई श्रीमती राखी एवं सुप्रीम कोर्ट दिल्ली की एडवोकेट श्रीमती निधि ने बताया कि डॉक्टर श्रॉफ आई हॉस्पिटल में पोश के खिलाफ और किसी के साथ अभद्रता, बदसलूकी, शारीरिक प्रताड़ना एवं यौन उत्पीड़न के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी है और एक प्रॉपर पोश कमेटी है ।अगर किसी भी वर्कप्लेस महिला या पुरुष केसाथ ऐसा होता है, तो वो डायरेक्ट कमेटी में अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं ।साथ ही उन्होंने कमेटी के संपर्क नंबर एवं मेल आईडी भी समस्त वर्कप्लेस स्टाफ के साथ साझा की।

इस मौके पर वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सूफियान दानिश, वरिष्ठ प्रशासक सीपी मैसी, डॉ. हर्षित अग्रवाल, इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार, एस.आई. संगीता चौधरी, एस.आई. स्मिती पंवार, कांस्टेबल अनुज प्रताप, कांस्टेबल अनामिका, कांस्टेबल दीपा, मुकेश कुमार (एच.आर. डिपार्टमेंट), डॉ. अवि, संगीता लवानिया, राधा यादव, मुकेश कुमार, मनोज चौधरी, विनय सिंह, प्रेम कुमार, डॉक्टर श्रॉफ आई हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ, कम्युनिटी स्टाफ, प्रोजेक्ट स्टाफ, मेडिकल छात्र एवं छात्राएं आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# पुल निर्माण के लिए ध्वस्त किया गया नदी किनारे अवैध कब्जा

वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज राकेश सिनेमा रोड पर नदी के किनारे एक विवादित स्थान पर मूर्ति स्थापित कर अवैध रुप से किये गए कब्जे को ध्वस्त कर दिया। इससे पूर्व विधि विधान से मूर्ति की पूजा कर मूर्ति को शहर के एक प्राचीन मंदिर में स्थानांतरित कराया गया। इसके साथ ही राकेश सिनेमा रोड से अम्बाला-देहरादून रोड स्थित सपना सिनेमा तक पुल निर्माण का मार्ग साफ हो गया।

अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी के तहत राकेश सिनेमा रोड से सपना सिनेमा तक (अम्बाला-देहरादून रोड पर ढमोला पुल का जीरो प्वाइंट) कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन राकेश सिनेमा रोड स्थित गौशाला के निकट नदी के किनारे एक स्थान पर किसी व्यक्ति द्वारा एक मूर्ति रखकर अवैध रुप से कब्जा कर उसे मंदिर का रुप देने की कोशिश की गयी थी। जिसके कारण पुल निर्माण का कार्य पिछले करीब एक वर्ष से अटका हुआ था। आज निगम अधिकारियों ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से जेसीबी लेकर कब्जा किये गए उक्त ढांचे को ध्वस्त कर दिया तथा वहां रह रहे राहुल मिश्रा नामक व्यक्ति को उसका घरेलू सामान सौंप दिया।

उन्होंने बताया कि इससे पूर्व सैनी पंचायती मंदिर से आये पं.संदीप शर्मा ने पूर्ण विधि-विधान के साथ मूर्ति की पूजा की। उसके बाद एक टैज्क्टर ट्राली में दरी बिछाकर श्रद्धा व सम्मान के साथ पूजा का सामान व प्रतिमा को शहर के पुराने चिलकाना बस स्टैण्ड स्थित अति प्राचीन सैनी पंचायती मंदिर में भिजवा दिया गया।

# नेत्र जांच शिविर और कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**कोरांव प्रयागराज।** तहसील कोरांव स्थित भारत गैस एजेंसी पर गुरुवार को एजेंसी संचालक अधिवक्ता प्रेमशंकर सिंह द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर एवं गरीबों असहायों को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में एएचपी अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के संस्थापक प्रवीण भाई तोगड़िया एवं विशिष्ट अतिथि चेयरमैन ओमप्रकाश केशरी रहे। नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा.प्रवीण भाई तोगड़िया द्वारा फीता काटकर किया गया। चिकित्सा शिविर में प्रयागराज के महेश नेत्रालय के जाने-माने डाक्टरों द्वारा दर्जनों मरीजों की आंखों का परीक्षण कर दवाएं दी गई। इसी के साथ मुख्य अतिथि तोगड़िया ने गरीब महिलाओं को कंबल वितरित करते हुए कहा कि इस भयंकर ठंड में कंबल देना किसी पुण्य से कम नहीं। उन्होंने कहा कि गरीबों को ठंड में गरीबों को गर्म कंबल मिलना मानों उनको जिंदगी मिल गई है।

एजेंसी के संचालक अधिवक्ता प्रेमशंकर सिंह ने सैकड़ों गरीब महिलाओं को कंबल वितरित किया और कहा कि गरीबों से उनका लगाव हमेशा से रहा है और उन्हें इस ठंड में कंबल देकर मन को शांति मिलती है। इस दौरान मुख्य रूप से अतिरिक्त थाना प्रभारी शैलेश सिंह, सभासद राजकुमार केशरी, विजय सिंह, सुमित पाण्डेय, रोहित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# शकुंतला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का आयोजन : डॉ शिवानी शर्मा

वेलकम इंडिया




**चांदपुर।** शकुंतला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चार दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया जिसमें दूसरे दिन सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का आयोजन सड़क पर किया गया। उन टू व्हीलर और फॉर व्हीलर वाहनों को रोका जिनके पास हेलमेट नहीं था और सीट बेल्ट नहीं लगा रखी थी। उनको ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। छात्राओं ने उनसे प्रश्न भी किए और कहा कि दुर्घटना से बचने के लिए हमे इनका उपयोग करना चाहिए। इन घटनाओं से तन और मन की हानि होती है। विभिन्न छात्राएं दिया, महजीव, सानिया, मेहरीन, नीतू, निशा, दीपांशी, मीनाक्षी आदि ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

डॉ मनोज कुमार ने सभी छात्र एवं छात्राओं को सड़क के नियमों की जानकारी दी। हमे इनका पालन कड़ाई से करना चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय उपप्राचार्य डॉ शिवानी शर्मा ने सभी विद्यार्थियों से कहा कि हमे भी संकल्प लेना होगा कि सड़क नियमों का उल्लंघन नहीं करेंगे। खेल प्रभारी दीपक सरोहा ने अपने संबोधन में कहा कि आजकल सड़क दुर्घटनाओं में बहुत मौतें हो रही है इसलिए हमे अपने वाहन को चलाते समय स्पीड और सड़क नियमों का ध्यान रखना अति आवश्यक है, तभी सुरक्षित रह सकते है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ राकेश कुमार, अमित कुमार, अमित चौहान, हर्षी अग्रवाल, मिस नैंसी त्यागी, मिस पारुल राव, गुंजन शर्मा, अनुराधा, स्वाति शर्मा, ब्रजबाला , शिवानी त्यागी आदि का सहयोग रहा।

# पत्रकार संगठन उपज की बैठक में सामलिया ग्रुप के चेयरमैन ने की प्रेस क्लब को जमीन देने की घोषणा

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज)की कार्यकारिणी बैठक बुधवार को जी एल ए यूनिवर्सिटी के पीछे सामलिया एग्रो रिसॉर्ट वृंदावन में आयोजित की गई जिसमें ठाकुर यशवीर सिंह राघव ने सभी पत्रकारों को पटुका और महाराणा प्रताप का छायाचित्र देकर सम्मानित किया ।बैठक में पत्रकारों की समस्या - समाधान,संगठन के विस्तार और पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं पर मंथन किया गया।

बैठक में सर्व सहमति से उपज पत्रकार संगठन मथुरा के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल एवं जिला महासचिव ठाकुर विष्णु पहलवान ने सामलिया ग्रुप के चेयर मेन ठाकुर यशवीर सिंह राघव को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष का मनोनयन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

नवनियुक्त उपज पत्रकार संगठन मथुरा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ठाकुर यशवीर सिंह राघव ने उपज पत्रकार संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी ईमानदारी के साथ जाति धर्म का भेदवाव न करते हुए राष्ट्रहित में पत्रकारिता और उपज पत्रकार संगठन में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पद का निर्वहन करेंगे। ठाकुर यशवीर राघव ने मथुरा की प्रेस क्लब की समस्या पर कहा कि मथुरा शहर में अगर कोई जगह प्रेस क्लब के लिए चिन्हित होती है तो वह आर्थिक सहयोग के लिए तैयार हैं यदि कहीं जमीन नहीं मिलती है तो वह जमीन देने को भी तैयार हैं ।बैठक में करीब एक सैकड़ा पत्रकारों ने भाग लिया और अपने अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में निर्भीक और निष्पक्ष रूप से समाज हित में पत्रकारिता करने के लिए प्रेरित किया गया। उपज पत्रकार संगठन मथुरा के जिला महासचिव ठाकुर विष्णु पहलवान ने कार्यकम का संचालन किया। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल,जिला संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विजय सिंघल, जिला उपाध्यक्ष चेतन राघव, जिला उपाध्यक्ष बी एस छौंकर, महानगर अध्यक्ष मोइनुद्दीन,महावन तहसील अध्यक्ष सुनील राज सहित आदि पदाधिकारी और सदस्यगण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत श्रमदान करते स्वयंसेवी छात्र

वेलकम इंडिया




**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाई का प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया।इस अवसर पर प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार के नेतृत्व में ग्राम फीना में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं दूसरी ओर ग्राम अजुपुरा में द्वितीय की इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवी छात्रों ने घर-घर जाकर साफ सफाई के टिप्स दिए।इससे पूर्व कॉलेज में एक गोष्टी का आयोजन किया गया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि स्वच्छता को हम अपनी दैनिक आदत बनाएं। स्वच्छता के अभाव में ही अनेक बीमारियां जन्म लेती हैं। कॉलेज निदेशक व भाजपा के जिला महामंत्री ठाकुर आकाश शास्त्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है। हम सभी को स्वच्छ भारत अभियान का अधिक से अधिक प्रचार- प्रसार करना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि घर के आसपास गंदगी, कचरा एकत्रित नही होने दें। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दलीप कुमार ने छात्रों से स्वच्छता को अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपने घर के आस-पास साफ सफाई रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वयंसेवी छात्र ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति अधिक से अधिक मात्रा में जागरूक करें।

इस मौके पर डॉ शिवाली राजपूत, डॉ आरपी सिंह, छाया राजपूत, सुषैन बाबू शर्मा, नीशु देवल, शनि चौहान, रुकमणी, पिंकी यादव, ओपी त्यागी, मनसा राम, प्रदीप कुमार, ललित शर्मा, राजेंद्र सिंह, राकेश कुमार, डॉ वरुण कुमार, विवेक आदि मौजूद रहे।

# उत्तरायणी मेले में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की धूम

## स्टार नाइट में लोकगायक किशन महिपाल, राकेश कनवाल, मेघना चन्द्रा, कुन्दन कोरंगा, आनंद कोरंगा, ने बिखेरा अपनी आवाज का जादू

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** गोविन्द मेहता, बागेश्वर उत्तरायणी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर जारी है। ब्रहस्पतिवार में दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न स्कूली बच्चों सहित विभिन्न सांस्कृतिक समितियों के कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति हो रही है तो रात्रि में लोककलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति दर्शको को खूब भा रही है। दोपहर में आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती शिक्षा मंदिर चौरासी, बागनाथ बाल विद्या मंदिर बिलौना,.गायत्री विद्या मंदिर, विवेकानंद विद्या मंदिर मंडलसेरा, ग्रीन वैली, महर्षि विद्या मंदिर एवरग्रीन पब्लिक स्कूल चौगाँवछीना, आनंदी एकेडमी घिरौली, न्यू सैनिक जू.हा० स्कूल कठायतबाड़ाके छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।जबकि विभिन्न सांस्कृतिक दलो में झंकार सांस्कृतिक समिति, दफौटी एण्ड ग्रुप बागेश्वर, नेहा डांस ग्रुप, धरोहर सांस्कृतिक लोक कला मंचव साहस संगीत विद्यालय द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

विशेष आर्कषण हेतु मेंहदी प्रतियोगिता हुई।जिसके बाद चौथे दिवस स्टार नाईट कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोकगायक किशन महिपाल, राकेश कनवाल, मेघ्रना चन्द्रा, कुन्दन कोरंगा, आनंद कोरंगा, हिमनाद बैण्ड तथा अन्य कलाकारों के नाम रही। स्टार नाइट में इन कलाकारों ने मेला देखने आए मेलार्थीं का जबरदस्त मनोरंजन किया। कलाकारों ने भी उन्हें निराश नहीं किया। दर्शको की फरमाइश पूरी होने पर दर्शकों ने गानों में झूमकर तालियों के साथ कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। ब्रहस्पतिवार की रात नौ बजे नुममाईशखेत में बने सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।मेलाधिकारी मोनिका ने सभी मेलार्थियों का आभार जताते हुए सभी से मेले को भव्य बनाने में सहयोग की अपील की। सबसे पहले राकेश कनवाल द्वारा बागेश्वर बागनाथ भूमि बे अन्य सुप्रसिद्ध कुमाउनी-गढ़वाली गानों से दर्शको का खूब मन मोहा।उत्तरायणी मेले को शोशल मीडिया यूट्यूब चैनल सीसीएन चैनल के माध्यम से रोजाना देश विदेश से हजारों दर्शकघर बैठे कार्यक्रमो का सजीव प्रसारण देख रहे हैं।जिसमे मेले के भव्य आयोजन को दिखाया जा रहा है।वही रात्रिमें सेकड़ो दर्शक केबिल चैनल के माध्यम से भी लाइव प्रसारण देख रहे हैं।कार्यक्रमों में कई कलाकारों ने मंच पर ने अपने डांस का जादू बिखेरा। दर्शकों ने भी जमकर डांस किया।कार्यक्रम का संचालन अजय चंदोला ने किया। इस दौरान मेलाधिकारी मोनिका, सीओ अंकित कंडारी, सीओ अजय लाल साह, तहसीलदार दलीप सिंह बिष्ट, हरीश सोनी, ईओ मो. यामिन हयात सिंह परिहार, कोतवाल कैलाश नेगी, एलआईयू निरीक्षक अर्जुन सिंह मठपाल, इंस्पेक्टर टीआर बगरेठा, एसओजी प्रभारी सलाउद्दीन, इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह रावत, एसएसआई खष्टी बिष्ट, महिला हेल्पलाइन प्रभारी मीना रावत, भुवन कांडपाल, महेश जोशी, रघुवीर दफौटी आदि मौजूद रहे।

# मंदिर व धर्म शाला की सुरक्षा की मांग.. प्रतापपुरी वैल्फेयर सोसायटी ने कैट बोर्ड सीईओ से की शिकायत



वेलकम इंडिया

**मेरठ।** भूसा मंडी दुर्गा मन्दिर व धर्म शाला की सुरक्षा हेतु प्रतापपुरी वैल्फेयर सोसायटी द्वारा गुरुवार को मेरठ कैंट बोर्ड सीईओ एक शिकायत की है आरोप है मंदिर व धर्म शाला का अस्तित्व खत्म की नियत से धार्मिक स्थल को खुर्द बुर्द कर अवैध निर्माण किया जा रहा है सोसायटी अध्यक्ष ममता अग्रवाल ने बताया भूसा मंडी बंगला नंबर 240 मे दुर्गा माता मंदिर और धर्मशाला सराय हरिदास काफी पुरानी है। जोकि हिंदु परिवारों व श्रद्धालुयों की आस्था का केंद्र है। आरोप है कि कुछ भूमाफियाओं द्वारा उक्त स्थान को खुर्द बुर्द कर इस मंदिर व धर्मशाला का अस्तित्व खत्म करना चाहते हैं। तथा ये वो लोग बताए जा रहे हैं जिनका धेय केवल पैसा कमाना है। जिसके लिए वे किसी की भी आस्था से खिलवाड़ करने में पीछे नहीं हटते हैं। उन्होंने बताया यह एक विशेष समुदाय का गिरोह है जिनके द्वारा भूसा मंडी क्षेत्र में दर्जनों नई इमारतें बिना मानचित्रों खड़ी की गई तथा दूसरी तरफ भारत सरकार रक्षा मंत्रालय की भूमि पर गैर कानूनी तरीके से भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर करोड़ो रुपए जमा कर अवैध बिल्डिंग बना कर बाहरी लोगो को बसाया जा रहा है। अब ये भूमाफिया हिंदु मंदिर व धर्मशाला को तहस-नहस करने में लगे हुए है जिससे हिंदु समाज में आक्रोश फैल रहा है। ममता अग्रवाल ने बताया सोसायटी की ओर से इस मामले की रोकथाम को लेकर रक्षा मंत्री दिल्ली, जिलाअधिकारी, एस एस पी, रक्षा संपदा अधिकारी को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र लिखा है वहीं उन्होंने कैंट बोर्ड सीईओ से उक्त मामले में बिना देरी किए उक्त लोगो के विरुद्ध केंट एक्ट के अनुसार कठोरतम कार्यवाही कर मंदिर व धर्मशाला की सुरक्षित करने की मांग की है।


# आगरा में बाइक सवार पति पत्नी और दो बच्चे ट्रक की चपेट में आकर हुए घायल.



वेलकम इंडिया

**आगरा।** आगरा के खेरागढ़ में एक्सीडेंट हो गया है. बाइक सवार पति–पत्नी और इनके दो बच्चे ट्रक की चपेट में आ गए. चारों लोग घायल हुए हैं. इनमें पिता और बेटे की हालत गंभीर है. ट्रक जहां सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गया तो वहीं बाइक के कई टुकड़े हो गए. पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। घटना वुधवार दोपहर खेरागढ़ रोड पर बसई मार्ग पर हुआ है. बाइक सवार जुगून अपनी पत्नी ज्योति और दो बेटों 9 साल के मोहित और 7 साल के रोहित के साथ आगरा से सहपऊ जा रहा था. ट्रकचालक बसई से खेरागढ़ आ रहा था ओर बाइक सवार खेरागढ़ से बसई की ओर जा रहा था. इसी दौरान अनाज से भरा ट्रक अनियंत्रित हो गया और बाइक सवारों को चपेट में लेकर गड्ढे में जाकर पलट गया. गनीमत रही कि चारों लोग उसके नीचे आने से बच गए।

# बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में हुआ यातायात जागरूकता सेमिनार का आयोजन






वेलकम इंडिया

**मेरठ।** 16 जनवरी 2025 को पुलिस अधीक्षक यातायात राघवेंद्र कुमार मिश्र के निर्देशन में सड़क सुरक्षा माह(01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक) के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के क्रम में एक यातायात जागरूकता सेमिनार यातायात पुलिस मेरठ/परिवहन विभाग मेरठ के द्वारा बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल जागृति विहार मेरठ में आयोजित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई तथा यातायात जागरूकता संबंधी पंपलेट का वितरण किया गया कार्यक्रम के अंत में सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में एआरटीओ राजेश कर्दम, प्रशिक्षक अमित तिवारी, मुख्य आरक्षी यातायात पुलिस नमित मलिक, आरक्षी बंटी सिंह, तथा बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य गोपाल दीक्षित व शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# देहरादून में घर बनाना नहीं था आसान ढाई बीघा जमीन और 150 फलदार पेड़ लगाने के थे सख्त नियम

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** उत्तराखंड निकाय चुनाव का शोर इन दिनों गली-गली और शहर-शहर में सुनाई दे रहा है। 23 जनवरी को होने वाले मतदान में राज्य के 100 नगर निकाय सीटों पर लगभग 31 लाख मतदाता अपने शहरों के नेताओं का चुनाव करेंगे। इन सीटों में से एक प्रमुख और सबसे बड़ा नगर निगम देहरादून है, जहां 7 लाख से अधिक मतदाता नए मेयर और 100 वार्डों के पार्षदों के भविष्य का फैसला करेंगे।

यहां रोशनी डालते है देहरादून के इतिहास पर जो बेहद ही दिलचस्प है। 1883 में जब ब्रिटिश शासन ने इस शहर को एक रिटायरमेंट सिटी के रूप में विकसित करने की योजना बनाई, तो यह एक छोटे सा शहर हुआ करता था। अंग्रेजों ने यहां डालनवाला, राजपुर रोड, परेड ग्राउंड और पलटन बाजार जैसे कुछ खास क्षेत्रों को विकसित किया था। खासतौर पर 1890 में जब अफगान राजा यहां आए, तो उनका घोड़ा परेड ग्राउंड में घूमा करता था, जिससे शहर के लोग अपनी सफाई के प्रति सजग रहे। 20वीं सदी की शुरूआत में, 1901 में म्यूनिसिपल काउंसिल का गठन हुआ और 1938 में देहरादून नगर पालिका की स्थापना की गई। उस समय के नियमों के अनुसार, राजपुर रोड पर घर बनाने के लिए कम से कम ढाई बीघा जमीन जरूरी थी और 150 फलदार पेड़ लगाने की भी शर्त थी। हालांकि, वर्तमान में देहरादून नगर निगम की स्थिति काफी बदल चुकी है। अब यह शहर अधिक आबादी और अनियंत्रित विकास से जूझ रहा है। राज्य गठन के बाद, देहरादून की आबादी में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई, जो अब 12 लाख के आसपास पहुंच चुकी है। इस बढ़ती आबादी के साथ नगर निगम की प्राथमिकता केवल सफाई और मूलभूत सुविधाओं तक सीमित रह गई है, जबकि शहर की सुंदरता और पर्यावरण पर कोई खास ध्यान नहीं दिया गया है। देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेसवे के निर्माण के बाद शहर में और अधिक लोगों का आगमन होने की संभावना है। इसके साथ ही शहर की आबादी और भी तेजी से बढ़ेगी, लेकिन इस बढ़ती हुई जनसंख्या को संभालने के लिए नगर निगम की कोई ठोस रणनीति नजर नहीं आती। आने वाले नए नगर निगम बोर्ड को इस चुनौती का सामना करना होगा, और यह आने वाले मेयर और पार्षदों के लिए एक बड़ी चुनौती बनेगा। देहरादून का ऐतिहासिक विकास और वर्तमान स्थिति दर्शाते हैं कि शहर में अब और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। नगर निगम को सिर्फ सफाई और सुविधाओं से अधिक, शहर के पर्यावरण, हरियाली और संरचना पर भी ध्यान देना होगा, ताकि देहरादून की सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहर को बचाया जा सके।

# मौलवी के मोबाइल में मिला किशोर से कुकर्म का वीडियो, गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**औरंगाबाद।** अगौता थाना पुलिस ने मंगलवार रात मदरसे में एक किशोर के साथ कुकर्म करने के मामले में आरोपी मदरसे के मौलवी को गिरफ्तार किया है। मौलवी के मोबाइल में कुकर्म का वीडियो मिला है।इस आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

अगौता थाना पुलिस मंगलवार रात करीब 12 बजे शाहनगर क्षेत्र में गस्त कर रही थी। इस दौरान शाहनगर के बाजार में एक वैगनआर कार संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखाई दी। गाड़ी के पास जाकर चालक का नाम पूछा तो उसने खुद को मोहम्मद शाबीर निवासी गांव भैसानी थाना थानाभवन जनपद शामली बताया। पुलिस पूछताछ में आधी रात में कार खड़ी होने की बाबत जानकारी की तो बताया कि मुजफ्फरनगर जा रहा है। लेकिन, रूट मुजफ्फरनगर का न होने के कारण पुलिस मौलवी को हिरासत में लेकर थाने में आई। मौलवी का मोबाइल चेक किया तो उसके अंदर एक वीडियो मिला। इसमे 16 वर्ष के किशोर के साथ मौलवी कुकर्म जैसी वारदात को अंजाम देता हुआ दिखाई दे रहा है। मौलवी गुलावटी थाना क्षेत्र के एक गांव के मदरसे में मौलवी है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह किशोर को लालच देकर कुकर्म जैसी वारदात को अंजाम दे रहा था।

# जिंदगी तो बेवफा है एक दिन ठुकराएगी! मौत तो महबूबा है साथ लेकर जाएगी

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** यूपी के मेरठ मे लड़की की शादी से 3 दिन पहले प्रेमी युगल ने जहर खाकर जान दें दी। जीते - जी एक न होने का अरमान टूटा तो कपल ने यह खौफनाक फैंसला ले लिया।खरखौदा क्षेत्र में बुधवार को प्रेमी जोड़े शिवांश (24) और सोनाली (23) ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। युवती के घर में उसकी हल्दी की रस्म होनी थी। शुक्रवार को उसकी शादी थी। युवक का भी दूसरी जगह रिश्ता तय हो गया था। शिवांश और पड़ोस के बावनपुरा की सोनाली के बीच करीब तीन साल से प्रेम संबंध थे। युवती एनसीआर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में क्लर्क के पद पर काम करती थी।सुबह युवती शादी की खरीदारी की बात कहकर घर से निकली। गांव के बाहर से प्रेमी युवक कार में उसे लेकर चला गया। दोपहर में युवक ने परिजनों को फोन किया और बताया कि दोनों ने साथ मिलकर जहर खा लिया है। परिजन तलाश करते हुए बिजली बंबा चौकी क्षेत्र में काजीपुर गांव के पास पहुंचे तो दोनों कार में तड़पते हुए मिले। परिजनों ने दोनों को आनंद अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान शाम को पहले शिवांश और फिर सोनाली ने दम तोड़ दिया।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय प्रबन्ध समिति की बैठक हुई संपन्न

वेलकम इंडिया

**आगरा।** बुधवार को मण्डलायुक्त श्रीमती रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय प्रबन्ध समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम प्रबन्ध समिति की विगत बैठक में लिए गये निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गयी। संस्थान परिसर में सोलर रूफटॉप स्थापित करने हेतु निविदा आमंत्रित कर ली गयी है। मार्च माह तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। समिति में गैर सरकारी सदस्यों को नामित करने तथा एमडी मनोचिकित्सा संकाय के रिक्त पद पर अनुबन्ध पर चिकित्सा शिक्षकों की नियुक्त जल्द पूर्ण किए जाने के संबंध में शासन को अनुस्मारक पत्र भेजने के निर्देश दिये। वहीं विभाग में एटीएफ के संचालन हेतु संविदा पर होने वाली नियुक्ति प्रक्रिया को जनवरी माह में ही पूर्ण करने के निर्देश दिये। संस्थान में लघु अवधीय प्रशिक्षण हेतु निर्धारित दरों के पुर्ननिर्धारण एवं प्रतिमाह 160 के स्थान पर 200 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिये जाने के निर्णय के क्रम में अवगत कराया गया कि आगामी शैक्षिक सत्र से इसे लागू किए जाने के बाद अनुमानित आय में लगभग 1.37 करोड़ की वृद्धि होगी। आय-व्यय की वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गयी। अवगत कराया गया कि निर्धारित 25 करोड़ की आय के सापेक्ष दिसंबर 2024 तक लगभग 17.39 करोड़ की प्राप्ति हो चुकी है। निर्देश दिए गये कि जिन मदों में प्रगति अच्छी नहीं है उसमें सुधार किया जाए। इस मौके पर भानु प्रताप कल्याणी निदेशक चिकित्सा उपचार, प्रो दिनेश सिंह राठौर निदेशक मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय, श्रीमती ज्योत्सना भाटिया अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रशांत तिवारी अपर जिलाधिकारी प्रोटोकॉल, डॉ रति होमी समिति सदस्य, हरेश कुमार सोलंकी वित्त अधिकारी आदि मौजूद रहे।



# आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने निवाड़ी थाने पर धरना प्रदर्शन स्थगित किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं द्वारा थाने से संबंधित समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी को देखते हुए थाना अध्यक्ष द्वारा कार्यकताओं को समस्याओं का शीघ्र समाधान दिए जाने का आश्वासन देने पर धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया।

भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्यागी ने बताया कि थाना निवाड़ी से संबंधित किसानो की समस्याओं को लेकर थाने पर धरना प्रदर्शन था। भाकियू के पदाधिकारी व क्षेत्र के किसान उनके आवास पर इकट्ठा होने शुरू हो गए जैसे ही थाना निवाड़ी पुलिस को सूचना मिली की क्षेत्र के किसान व भाकियू पदाधिकारी इकट्ठा होने शुरू हो गए है, तभी थाना निवाड़ी अध्यक्ष में फोर्स के साथ भाकियू पदाधिकारी व क्षेत्र के किसानों के बीच आ गए। निवाड़ी थाना अध्यक्ष ने किसानों की समस्याएं सुनी जैसे कुछ दिन पहले गांव सोंदा में एक मर्डर हुआ था, उसके खुलासा की मांग, किसानो की टूयवैलो पर हो रही चोरी, चोरों को पकड़वाने की मांग की। कई दुकानों के शटर तोड़कर चोरी होने पर अंकुश लगाने की मांग, क्षेत्र में फर्जी मुचलको पर रोष जाताया, अन्य विभिन्न समस्याएं रखी। जिस पर थाना अध्यक्ष ने जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। तब जाकर किसान शांत हुए, प्रदेश अध्यक्ष एवं शीर्ष पदाधिकारीयों के द्वारा धरना स्थगित करने का फैसला लिया गया।

इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष देवव्रत धामा, युवा प्रदेश अध्यक्ष विनीत त्यागी, डॉ ताहिर, जिला अध्यक्ष अरुण कसाना, सालीम तोमर कलछीना, गौरव त्यागी, हैप्पी त्यागी, रोहित त्यागी, इरफान खान, नरेंद्र त्यागी, फिरोज खान, शहजाद, निरंकुश त्यागी, सभासद मांगू केवट, सभासद राजकुमार त्यागी, सुबोध त्यागी आदि किसान नेता मौजूद रहे।

## कमरे में लटका कई दिन पुराना शव

**गाजियाबाद।** नंदग्राम क्षेत्र स्थित डबल टंकी मोहल्ले में 55 वर्षीय हंसराज अपने मकान में रहते थे। आसपास के लोगों को हंसराज कई दिन से नजर नहीं आए। उनके मकान से बदबू आ रही थी। पड़ोसियों ने किसी अनहोनी की आशंका से पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जो नजारा देखा वह विचलित करने वाला था। हंसराज का शव फंदे से झूल रहा, शव कई दिनों पुराना होने के कारण दुर्गंध आ रही थी। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि शव के हाथ- पैरों को कुत्ते नोंचकर खा गए थे। दोनों पैरों की हड्डियां दिख रही थीं, चमड़ी और मांस कुत्तों ने नोंच लिया था। इतना नहीं नहीं हाथों को भी कुत्ते नोंच कर खा गए। कुत्ते की पहुंच जहां तक बनी, मांस नोंच लिया। एसीपी का कहना है शव की हालत देखकर यह करीब सप्ताह पुराना लग रहा है, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। पड़ोसियों ने बताया कि हंसराज के घर में कुत्ते जाते देखे गए थे, लेकिन किसी ने इस बात पर ज्यादा गौर नहीं किया। बात आई गई हो गई।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदनगर में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदनगर में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय संघन टीबी अभियान कार्यक्रम में उपस्थित रही। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी लक्षण वाले टीबी मरीजों के एक्सरे कराया गया। जिसमें सभी लाभार्थियों के एक्सरे मुक्त किए गए। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने बताया कि समस्त सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर उच्च जोखिम वाली जनसंख्या जैसे 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, पुराने टीबी रोगी, टीबी रोगी के साथ रहने वाले व्यक्ति, मधुमेह एचआईवी से ग्रसित व्यक्ति, तंबाकू आदि नशा का सेवन करने वाले व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग की जायगी। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने बताया कि निःक्षय पोषण योजना के अंतर्गत समस्त चिन्हित एवं उपचारित क्षय रोगियों को उपचार प्रारंभ होने पर 3000 रुपए तथा उपचार के 84 दिन बाद 3000 रुपए का भुगतान किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ भारत भूषण, डॉ जतिन, संजीव कौशिक, रश्मि (एनम), रोहित तोमर (मण्डल अध्यक्ष), पुनीत, सतपाल, दिनेश सैनी, सचिन आदि उपस्थित रहे।

## मोदीनगर निवासी नितिन शर्मा बने प्रशासनिक अधिकारी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** नगर निवासी नितिन शर्मा राज्य कर विभाग में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नत हुए है। जिसके विषय में जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन, लखनऊ के प्रान्तीय को चेयरमैन वर्कशॉप कमेटी एडवोकेट अरूण राघव ने बताया कि राज्य कर कार्यालय मोदीनगर मे कार्यरत नितिन शर्मा को राज्य सरकार द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए पदोन्नत कर प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया है। सूचना मिलते ही नितिन शर्मा को बधाई देने वालो का तांता लग गया। इस उपलब्धि से उत्साहित नितिन शर्मा ने बताया कि यह पदोन्नति उनके माता पिता व गुरू के आशिर्वाद का प्रतिफल है। बधाई देने वालो मे मुख्य रूप से एड0 अरूण राघव, एड0 विपिन सिंघल, एड0 धीरज गोयल, एड0 आरिफ बेग, एड0 अजय माहेश्वरी, एड0 कुमोद माहेश्वरी, एड0 सुनील माहेश्वरी सहित दर्जनो अधिवक्ता शामिल रहे।

# नगर पंचायत निवाड़ी की बोर्ड बैठक में विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित हुए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** नगर पंचायत निवाडी की आयोजित हुई बोर्ड बैठक में पेयजल की व्यवस्था दूरूस्त करने को लेकर एक करोड़ 67 लाख रुपएं तथा कान्हा गौशाला व शमशान घाट के निर्माण पर 34-34 लाख रूपयों से विकास कार्य कराने को मंजूरी प्रदान की गयी।

कुल मिलाकर पंचायत क्षेत्र में सात करोड रूपयों के विकास कार्यो के प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पारित हुए। क्षेत्रीय भाजपा विधायक डा मंजू शिवाच की मौजूदगी में आयोजित हुई। बोर्ड बैठक की अध्यक्षता पंचायत के चेयरमैन अनिल त्यागी ने की। संचालन पंचायत के अधिशासी अधिकारी डॉ शैलेंद्र सिंह ने किया। बैठक में पंचायत क्षेत्र में कराये जाने वाले विकास कार्यो का लेखा जोखा रखा गया। पंचायत के चेयरमैन अनिल त्यागी ने बताया कि निवाडी नगर पंचायत क्षेत्र में बरसात के दिनों में होने वाले जल भराव से निजात दिलाने की योजना बनी है, दो करोड रूपयों की लागत से जलनिकासी की व्यवस्था की जायेगी। कस्बावासियों को पेयजल व पाईप लाईन के जरिये पानी की व्यवस्था के लिये एक करोड़ रुपए खर्च होगें। गौवंश स्थल को संजोये जाने के लिये कान्हा गौशाला पर एक करोड 67 लाख रुपए तथा शमशान घाट के लिये 34 लाख रुपए खर्च किये जायेगे। इतने ही रूपयों के धार्मिक स्थल को संजोने व श्रद्धालुओं के आवागमन को लेकर उचित व्यवस्था बनाये रखने के लिये 34 लाख रुपए खर्च होगें। एक करोड़ 11 लाख की लागत से मोदीनगर निवाडी मार्ग पर अर्बन प्लाजा का निर्माण कार्य कराया जायेगा। कूडे के निस्तारण से लेकर पानी की निकासी, कम्युनिटी हाल की व्यवस्था को भी दूरूस्त कराने का प्रयास किया जायेगा। बैठक शुरू होने से पूर्व पंचायत के चेयरमैन अनिल त्यागी ने विधायक डॉ मंजू शिवाच का बुके भेंट कर स्वागत किया। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने विकास के कार्यो को लेकर प्रशंसा जाहिर की ओर विकास कार्यों में भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में स्मृति गुप्ता, लिपिक तेजवीर सिंह सहित दस सभासद मौजूद रहें।

## झूठे अभिमान को त्याग कर भगवान की शरण में जाना चाहिए -पंकज तिवारी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** कथा व्यास गौ भक्त पंकज तिवारी महाराज ने कहा कि अगर हमें जीवन में भक्ति प्राप्त करना है तो हमें अपनी बुि( ,बल, पद व परिवार के झूठे अभिमान को त्यागकर भगवान की शरण में जाना चाहिए। सदैव प्रभु की कृपा एवं हरि कृपा प्राप्ति के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। कथा व्यास श्री तिवारी यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के विराम पर प्रवचन कर रहे थे। कथा में आचार्य पंडित आशिष भारद्वाज ज्योतिष कर्ता, हनुमान कथा वक्ता अरविन्द भाई ओझा, राजेंद्र गोयल (मंत्री जी )पंडित ईश्वर दत्त शर्मा ,आशिष शर्मा ,सोनू बेटरी वाले ,मुकेश ,सुभाष गोयल, राजेन्द्र भत्ते वाले ,योगेश शर्मा ,अमित (सोनू ) अनिल जोशी डॉक्टर अनिला आर्या ,श्रीमती विजय अग्रवाल ,निर्मला देवी ,ममता , अंजू गोयल .श्रीमती सुमन जिसमे आदि भक्त शामिल हुए।

## कांग्रेस प्रवक्ता ने भाजपा के घोषणा पत्र का किया पोस्टमार्टम




वेलकम इंडिया

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय देहरादून में पत्रकारों से चर्चा के दौरान भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र का पोस्टमार्टम किया।

दसौनी ने कहा कि पिछले 15 सालों से भारतीय जनता पार्टी देहरादून नगर निगम पर काबिज है जिसके चलते नगर निगम देहरादून भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया। गरिमा ने 26 पन्नों का पीडीएफ जारी करते हुए नगर निगम देहरादून का पिछले 5 साल का भ्रष्टाचार सामने रखते हुए कहा की देहरादून नगर निगम भाजपा के शासन में हर मोर्चे पर विफल रहा है। गरिमा ने सवाल पूछते हुए कहा कि क्या कारण है कि संकल्प पत्र में पिछले 15 सालों का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच नहीं रखा गया है, किसी उपलब्धि का ब्यौरा नहीं है।

## एनसीआरटीसी वाटर रिचार्ज को लेकर गंभीर, दुहाई डिपो में बनाए दो तालाब

**गाजियाबाद।** एनसीआरटीसी अपनी प्रोजेक्ट साइट पर पर्यावरण और खासकर वाटर रिचार्ज को लेकर गंभीर है। दिल्ली-गाजियाबाद- मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर जगह- जगह पिट्स बनाकर वाटर रिचार्ज बढ़ाने का प्रयास किया गया है वहीं सोलर पैनल स्थापित कर सौर ऊर्जा पर भी विशेष जोर दिया गया है। कॉरिडोर के दुहाई डिपो में वर्षा जल संचयन के लिए बनाए गए 20 वर्षा जल संचयन पिट्स के अलावा डिपो में दो बड़े तालाब भी बनाए गए हैं। इससे पिट्स से बचने वाला अतिरिक्त वर्षा जल इन तालाबों में जाकर एकत्रित होगा और उसके बाद भू-गर्भ में समा जाएगा। दुहाई डिपो में वर्षा जल संचयन के लिए बनाए गए दोनों तालाबों में 66 लाख लीटर से अधिक वर्षा जल जमा हो सकेगा। इन तालाबों का आकार क्रमशः 1160 स्क्वायर मीटर और 663 स्क्वायर मीटर है।

# भाजपा महापौर प्रत्याशी सौरभ थपलियाल को प्रबुद्धजन सम्मेलन के माध्यम से वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** बुधवार देर रात शाम को कैंट विधानसभा के अंतर्गत विधायक श्रीमती सविता कपूर जी के नेतृत्व में प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल जी के द्वारा कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ जनों का अभिनंदन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम चुनाव के लिए एक ईमानदार छवि के व्यक्ति को अपना प्रत्याशी सुना है सौरभ थपलियाल कई वर्षों से भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदों पर रहकर संगठन की सेवा की है और अब आने वाले समय में आप सबके आशीर्वाद से नगर निगम में अपनी सेवा देकर महानगर देहरादून को राष्ट्र स्तर पर महानगर देहरादून को प्रथम स्थान पर लेकर आएंगे।

केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की सरकार के द्वारा उत्तराखंड को कई सौगातो के माध्यम से उत्तराखंड के चौमुखी विकास के लिए काम कर रहे हैं हम सब जानते हैं केदारनाथ भगवान शिव के धाम से देश की यशस्वी प्रधानमंत्री जी को एक विशेष लगाव है इसके लिए हजारों रुपए की धनराशि के साथ केदारनाथ का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। भारत माला के तहत उत्तराखंड के कई स्थानों को योजनाओं के माध्यम से सृजन करने का काम भी किया जा रहा है। दिल्ली अब दूर नहीं हम कहते थे लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में सही मानने में अब दिल्ली जाने में मात्र ढाई घंटे की दूरी तय की जाएगी। भारत सरकार ने महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए सरकारी नौकरियों में 30% का आरक्षण दिया है साथ उत्तराखंड आंदोलनकारी के सम्मान हेतु 10% का क्षैतिज आरक्षण , प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के नेतृत्व में वृद्धाअवस्था पेंशन योजना को बढ़ाकर 1500 की है अब पति-पत्नी दोनों को पेंशन भी सुनिश्चित की है। हमारी सरकार कई योजनाओं के माध्यम से समाज के प्रत्येक व्यक्ति की चिंता करते हुए लगातार कार्य कर रही है हम सब लोगों को यह समझना होगा कि विकास सुशासन लाना है तो भाजपा को जिताना है इस संकल्प के साथ अधिक से अधिक मतों से ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने हेतु सौरभ थपलियाल को विजई बनाएं। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती सविता कपूर ने सभी का अभिनंदन किया और कहा कि आप सब वरिष्ठ जनों ने पूर्व समय से भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर समाज के विकास में अपनी अहम योगदान दिया है मैं आशा करती हूं हमारे विधानसभा इस चुनाव में भी अधिक से अधिक जागरूकता के साथ भारतीय जनता पार्टी को विजई बनाएं। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी सौरभ थपलियाल ने सभी वरिष्ठ जनों को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि आप सब वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद ही मेरे लिए जीत का मंत्र होगा।

## आरकेजीआईटी के एमबीए विभाग में 1 दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड़ स्थित आरकेजीआईटी के एमबीए विभाग द्वारा गुरुवार को 1 दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन इमोशनल इंटेलिजेंस फॉर डेवलपिंग इफेक्टिव टीम एट वर्क पर किया। इस एमडीपी का मुख्य उद्देश्य इमोशनल इंटेलिजेंस की तकनीकों को सिखाना, आत्म-जागरूकता पैदा करना और कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखना था। इस एमडीपी का उद्घाटन आरकेजीआईटी समूह के वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल, सलाहकार डॉ.लक्ष्मण प्रसाद, कार्यकारी निदेशक डॉ.डी.के. चौहान, निदेशक डॉ बीसी शर्मा और एचओडी एमबीए डॉ. विभूति त्यागी ने संयुक्त रुप से किया। आरकेजीआईटी के निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा ने इस एमडीपी का हिस्सा बनने के लिए अतिथि और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर एमडीपी आयोजित करने की पहल करने के लिए एमबीए विभाग को बधाई दी, जो कामकाजी पेशेवरों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## आयुष्मान शिविर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** स्वर्गीय श्री रामचन्द्र जायसवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष/सभासद की 22वी पुण्य तिथि पर वृद्ध आश्रम में चिकित्सा शिविर/आयुष्मान शिविर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ह्व पूर्व सभासद नवीन जायसवाल ने कहा कि पिताजी स्वर्गीय रामचंद्र जायसवाल जी के आदर्शो एवं सिद्धांतों पर चलकर जनसेवा ही मेरा लक्ष्य है। उनके जन्म दिवस एवं पुण्यतिथि पर इस प्रकार के शिविर हर वर्ष लगाए जाते हैं । इस अवसर पर नवीन जायसवाल रूपचंद शर्मा निशा जायसवाल की उपस्थिति रही।

# 38 वे नेशनल गेम्स के उद्घाटन समारोह को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

वेलकम इंडिया




**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार 28 जनवरी को होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों (38थ नेशनल गेम्स) के उद्घाटन समारोह को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी में है. खेल मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को उच्च अधिकारियों की बैठक ली. बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि यह आयोजन ऐसा होना चाहिए जिससे भविष्य के लिए यह एक उदाहरण बन जाए.38थ नेशनल गेम्स के उद्घाटन समारोह को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी बैठक में मंत्री ने कहा कि इस समारोह में यह स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए कि यह आयोजन राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में हो रहा है. उद्घाटन समारोह में राज्य में विकसित खेल सुविधाओं की झलक भी दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रफल की दृष्टि से पर्वतीय और छोटा राज्य होने के बावजूद उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के सभी आयोजन राज्य में ही कर रहा है, यह उपलब्धि भी उद्घाटन समारोह में दिखनी चाहिए. खेल विश्वविद्यालय के शिलान्यास को किया जाएगा उद्घाटन समारोह में शामिल खेल मंत्री रेखा आर्य ने मीडिया को बताया कि अधिकांश खेल आयोजनों के लिए सभी उपकरण पहुंच चुके हैं.

जो थोड़े बहुत उपकरण आने बाकी हैं, वे भी 20 जनवरी तक आयोजन स्थलों पर पहुंच जाएंगे. खेल मंत्री रेखा आर्या अधिकारियों को प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय के शिलान्यास को उद्घाटन समारोह में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। गणतंत्र दिवस की झांकियों में छाए रहेंगे राष्ट्रीय खेलों के प्रतीक चिह्न बता दें इस साल 26 जनवरी के अवसर पर प्रदेश भर में निकाली जाने वाली झांकियों में राष्ट्रीय खेलों के प्रतीक चिह्न छाए रहेंगे. जिसे लेकर मंत्री ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है. पत्र में खेल मंत्री ने कहा है कि इस साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर निकाली जाने वाली झांकियों, परेड और प्रभात फेरी का मुख्य विषय ₹38वें राष्ट्रीय खेलः उत्तराखण्ड की मेजबानी₹ रखा. सभी जिलों की झांकियों में राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर-मौली, मशाल-तेजस्वनी, लोगो और राष्ट्रीय खेल गीत शामिल किया जाए, जिससे न केवल खेलों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि राज्य में खेल संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा.

# जनपद स्तरीय बर्ड फ्लू टाक्स फोर्स व जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक

## बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए सतर्क रहें सभी विभाग, जनता में फैलायें जागरूकता

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में गुरुवार को जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बर्ड फ्लू टाक्स फोर्स व जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएन्जा) बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियों, सावधानियों एवं सतर्कता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमें जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए सभी जनपदवासियों को बर्ड फ्लू के प्रति जागरूक करना हैं, कि पक्षियों में इसके लक्षण किस प्रकार से देखे जा सकते है और इससे बचाव के लिए क्या-क्या सावधानियां बरतनी है। उन्होंने बर्ड फ्लू के लक्षणों के बारे में बताया कि बर्ड फ्लू से संक्रमित पक्षी की आंख व नाक से लाल रंग का पानी निकलता है, उन्हें हरे व लाल रंग का पतला दस्त (बीट) होता है। पक्षी को ज्वर आता



है। कलगी बैठक व पैर बैंगनी हो जाते हैं। पक्षियों के गर्दन तथा आंखों के निचले हिस्से में सूजन आ जाती है। इसके साथ ही अण्डा उत्पादन कम, श्वास लेने में कठिनाई, छींक, खांसी, एक जगह पर बैठे रहना, सिर एवं गर्दन में सूजन आदि हो जाना मुख्य लक्षण हैं। इससे प्रभावित पक्षियों की मृत्यु हो जाती है। उन्होने कहा कि बर्ड फ्लू से बचाव हेतु बायोसिक्योरिटी, साफ-सफाई रखना। मुर्गी, बत्तख, मछली तथा सूकर पास-पास ना पालें। बीमार पक्षियों के बीट से बचें। मृत प्रवासी पक्षियों से प्रभावित कुक्कुट प्रक्षेत्रों से तथा एचपीएआई से ग्रसित पक्षियों के शव विच्छेदन से बचें। यदि कुक्कुट पालन का कार्य पूरी बायोसिक्योरिटि अपनाते हुए संतुलित आहार, स्वस्थ चूजों, उत्तम रख-रखाव विधि से किया जाये तथा मृत पक्षियों का डिस्पोजल, डिस्पोजल पिट में किया जाये तथा बीमार पक्षियों को तुरन्त निकाल दिया जाये तो रोग फैलने की सम्भावना कम हो जाती है।

### जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा

जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद अंतर्गत शत्रु सम्पत्तियों की कृषि भूमि पर यदि कब्जा है तो उसे कब्जा मुक्त कराकर और जो खाली है, इसके साथ ही एलएमसी की भूमि पर गोवंशों हेतु चारा उत्पादन किया जाएं। उन्होने सभी उप–जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, ईओ, खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त कृषि भूमियों पर चारा उत्पादन किया जाएं। इसके साथ ही जिलाधिकारी महोदय ने निराश्रित गोवंश सुपुर्दगी अभियान, निराश्रित गोवंश की ठण्ड से बचाव की व्यवस्थाओं, निमार्णाधीन अस्थाई गो आश्रय स्थलों की प्रगति आदि की समीक्षा की। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि जनपद के सभी पोल्ट्री $फार्म का निरंतर निरीक्षण किया जाएं, जिनमें बर्ड फ्लू के लक्षण दिखें उन्हें तुरन्त अलग रखते हुए जांच करायी जाएं।

### बर्ड फ्लू के प्रति जागरूक रहना महत्वपूर्ण

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने विशेष रूप से पशु पालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, पंचायती राज विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत विभाग, सिंचाई विभाग सहित सभी विभागों को निर्देशित किया कि किसी भी कारण से जनपद में बर्ड फ्लू ना फैलें, इसके लिए जागरूकता अभियान चलाते हुए जनता में बर्ड फ्लू के लक्षणों और उपायों की जानकारी दी जाएं। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से अपील की है कि यदि बर्ड फ्लू से संबंधित कोई पक्षी या ऐसा कोई मामला संज्ञान में आता है तो वह इसकी जानकारी पशु पालन विभाग को अवश्य दें। किसी भी बीमारी को रोकना और सभी का बचाव कराना हम सभी की नैतिक व अहम जिम्मेदारी है।

# नए साल की शुरूआत के साथ आगामी आम बजट पर टिकी सभी की निगाहें

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** नए साल की शुरूआत के साथ आगामी आम बजट पर सभी की निगाहें टिकी हैं। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण देश के सामने बजट प्रस्तुत करेंगी। बताएंगी कि सरकार ने कहां से पैसा निकालने और कहां पर खर्च करने की योजना बनाई है। बजट से पहले ग्रोथ का हर सेक्टर सरकार से बड़ी उम्मीदें लगाए बैठा है। खासकर रियल एस्टेट सेक्टर, इस सेक्टर से जुड़े लोगों को इस बार बड़े सुधारों की उम्मीद है। इस बजट पर काफी कुछ निर्भर करेगा कि लोग घर खरीदेंगे या इंतजार करना पसंद करेंगे। वहीं व्यापारी एकता समिति संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता का कहना है कि रियल एस्टेट देश के सबसे बड़े रोजगार देने वाले क्षेत्रों में से एक है। इसे 'इंडस्ट्री का दर्जा देने से क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। हमें उम्मीद है कि आगामी बजट रियल एस्टेट सेक्टर को मजबूत करने के लिए प्रगतिशील एवं ठोस कदम उठाएगा। इसका कारण है कि रियल स्टेट सेक्टर आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। हमारे मुताबिक इस बजट में निमार्णाधीन प्रॉपर्टीज पर जीएसटी में राहत मिलनी चाहिए। घर खरीदारों के लिए टैक्स लाभ बढ़ाने और किफायती आवास योजनाओं के लिए फंड बढ़ाने जैसे उपाय मांग और निवेश को प्रोत्साहित करेंगे।



इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल बनाने और ग्रीन कंस्ट्रक्शन को समर्थन देने पर विशेष ध्यान देने से डेवलपर्स और खरीदारों दोनों को फायदा होगा। हमारा मानना है कि रेंटल हाउसिंग को बढ़ावा देने और निर्माण सामग्री व इंटीरियर डिजाइन जैसे सहयोगी क्षेत्रों को पुनर्जीवित करने की पहल से रियल स्टेट सेक्टर के विकास को पंख लगेगा। एक संतुलित और विकासोन्मुख बजट रियल स्टेट सेक्टर की वास्तविक क्षमता को जमीन पर साकार कर सकता है।

# खुलेआम पीने वालों के लिए महंगी पड़ेगी शराब, घर नहीं थाने में कटेगी रात



**वेलकम इंडिया**

- दो घंटे चले रात्रि अभियान में 515 शराबियों के खिलाफ 34 पुलिस एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

**गाजियाबाद।** कभी गाड़ी में, कभी शराब के ठेके के आसपास तो कभी दोस्तों के साथ खुले में शराब पार्टी करने वालों की गाजियाबाद में खैर नहीं। खुले में शराब पीने और हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। हर रात अभियान चलाकर शराबियों को डीसीपी सिटी राजेश कुमार की टीम सलाखों के पीछे भेज रही है।

जिसके लिए डीसीपी सिटी ने खुद एसीपी, एसएचओ और दरोगाओं को सख्त निर्देश दिए है कि अपने अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर खुले में शराब का सेवन करने वालों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी भी दी है कि अगर अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या फिर शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। नगर जोन को अपराध मुक्त बनाने के लिए इस तरह के अभियान में तेजी लाने की जरुरत है। रात होने पर सड़कों पर कहीं भी बिना किसी खौफ के जो लोग आपस में जाम टकराते है, उनमें पुलिस का खौफ होना बेहद जरुरी हो गया है। अब सड़क किनारे, पार्किंग, पार्क या बाजार में खुलेआम शराब पीना महंगा सौदा साबित होगा। पकड़े जाने पर न केवल अदालतों के धक्के खाने पड़ेंगे बल्कि गाड़ी तक इम्पाउंड हो सकती है। चलती या खड़ी गाड़ी में भी शराब पीना जुर्म होगा। बुधवार को गाजियाबाद पुलिस ने ऐसे लोगों के खिलाफ एक दिन में सबसे ज्यादा लोग पकड़े हैं। जिले में कुल 515 शराबियों के खिलाफ 34 पुलिस एक्त के तहत कार्रवाई की गई है। नगर जोन में सबसे अधिक 194 लोग देहात जोन में पकड़े गए हैं। देहात जोन में 181 और ट्रांस हिंडन जोन में 140 शराबियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने लोनी से एक जोड़े को भी सार्वजनिक स्थान पर बीयर गटकते धर लिया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया बुधवार शाम सात से नौ बजे के बीच चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने नंदग्राम थाना क्षेत्र में सबसे अधिक 65 लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते दबोचे। नगर कोतवाली क्षेत्र में 38, विजयनगर में 22, सिहानीगेट में 31, कविनगर में 18 और मधुबन- बापूधाम थानाक्षेत्र में 20 लोगों को पुलिस ने खुलेआम सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करते पकड़कर हवालात पहुंचाया। लगातार शिकायतें मिल रही थी की शराबियों के कारण आने जाने वालों को परेशानी होती है। 2 घंटे चले इस अभियान में कुल 194 लोग पकड़े गए। पुलिस पकड़े गए लोगों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है। वहीं इस कार्रवाई के जरिये पुलिस ने खुले में शराब पीने वालों के लिए कड़ा संदेश देने का काम किया है। सिटी जोन में खुले में शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही चेतावनी भी दी जा रही है कि अगर पुलिस की कार्रवाई से बचना है तो दुकान से शराब खरीदने के बाद घर पहुंच कर ही इसका सेवन करें। अगर खुले में शराब पीते हुए या फिर गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई तो होगी ही, साथ बरामद गाड़ी को भी सीज किया जा सकता है। पुलिस टीम को भी सख्त निर्देश दिए गए है कि शराबियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बिल्कुल भी कोताही बरतने की जरुरत नहीं है। आगे भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। डीसीपी सिटी ट्रांस हिंडन जोन निमिष पाटिल ने बतायां सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते लोगों की धरपकड़ के लिए चलाए गए अभियान में सबसे ज्यादा लोगों के खिलाफ इंदिरापुरम थाना पुलिस ने कार्रवाई की। यहां 34 लोगों को जाम लड़ाते पकड़ा गया।

# डीएमआरसी एंपलाइज की सोसायटी में डिलीवरी ब्वॉयज ने महिला सिक्योरिटी गार्ड से की मारपीट

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** लोनी इलाके में भोपुरा के पास स्थित कोयल एंकलेव योजना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। दरअसल तीन दिन पूर्व यहां डीएमआरसी एंपलाइज की सोसायटी पर्ल रेजीडेंसी के गेट पर तैनात सुरक्षा गार्डों पर बिलिंकइट के दो डिलीवरी ब्वॉयज ने अपने तीन अन्य साथियों की मदद से हमला बोल दिया। लोहे की रॉड से गाड्र्स के साथ जमकर मारपीट की गई। हमलावरों ने महिला गाड्र्स को भी नहीं बख्शा।

गाड्र्स की गलती यह थी कि उन्होंने डिलीवरी ब्वॉयज को चेकिंग के लिए रोकने की गलती की थी। सिक्योरिटी कंपनी के सुपरवाइजर लोनी निवासी सुंदर सिंह ने मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इनमें दो डिलीवरी ब्वॉयज और तीन उनके साथी, जो गाड्र्स के द्वारा रोके जाने पर उन्होंने फोन करके बुलाए थे। सुंदर सिंह ने बताया कि डिलीवरी ब्वॉयज पसौंडा निवासी प्रशांत और लवकुश सोसायटी के डी टॉवर में सामान की डिलीवरी करने पहुंचे थे। वापसी में तेजी से बाइकें दौड़ाते समय गाड्र्स ने उन्हें सुरक्षा कारणों के चलते जांच के लिए रोक लिया, फिर क्या था, दोनो आपा खो बैठे। गाली गलौज करने लगे और मौके से फोन करके अपने साथियों को बुला लिया। सुंदर सिंह ने बताया कि डिलीवरी ब्वॉयज ने फोन करके अपने साथी अंकित, चाहत और अमित को सोसायटी के गेट पर बुलाया लिया, उनके हाथों में लाठी, डंडे और लोहे की रॉड थी। पांचों ने मिलकर सोसायटी की सुरक्षा में तैनात गाड्र्स पर बेरहमी से हमला कर दिया। सिर फोड़ दिए। एक महिला गार्ड भी हमले में बुरी तरह चोटिल हुई है। मामले में एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज मिला है।

# नगर आयुक्त ने अधिकारियों को बांटे प्रशस्ति पत्र



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा नगर निगम मुख्यालय में गुरुवार को सभी विभाग के अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही टीम के साथ जनहित समस्याओं के समाधान में बेहतर कार्य करने के लिए प्रशंसा भी की गई।

मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉक्टर डॉ अनुज कुमार सिंह, प्रभारी प्रकाश कामाख्या प्रसाद आनंद, संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह, लेखाधिकारी जेपी सिंह, मुख्य नगर परीक्षक विवेक सिंह व अन्य टीम उपस्थित रही। अतिथियों का आगमन हो या फिर महापर्व नगर निगम अधिकारी अहम भूमिका में बने रहते हैं। इसी क्रम को देखते हुए प्रधानमंत्री के आगमन के दिन व्यवस्थाओं को संभाले रखा गया। जिस पर नगर आयुक्त द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। नगर आयुक्त द्वारा सभी को इंदिरापुरम में विकास कार्यों को करने के लिए मोटिवेट भी किया और कम समय लगाते हुए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करते हुए विकास की लहर को रफ्तार देने के लिए निर्देश दिए। डॉ उद्यान प्रभारी डॉ अनुज कुमार सिंह को शहर की सुंदरता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा स्वच्छता के साथ-साथ सुंदरता को भी प्राथमिकता पर बढ़ाने के निर्देश दिए। इंदिरापुरम में जोनल कार्यालय की व्यवस्था शीघ्र करने के लिए कार्य योजना बनाने के लिए कहा गया। नगर आयुक्त द्वारा नए साल के अधिकारियों को डायरी और कैलेंडर भी बांटे गए। कार्य में समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के लिए टीम को मोटिवेट भी किया।

# जिलाधिकारी की सख्त आदेशों के बाद लिया गया बियॉन्ड टाइम वाले आवेदनों पर निर्णय

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में गुरुवार को जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जीएमडीआईसी श्रीनाथ पासवान द्वारा अगवत कराया कि बैंकों द्वारा योजना के संबंध में असंवेदनशीलता बरती जा रही है जिसके क्रम में आवेदकों के कई आवेदन बैंकों में 7 दिन से अधिक समय से लंबित हैं। जीएमडीआईसी ने बताया कि उक्त योजना का लाभ लेने के लिए कुल 403 आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया था। जिसमें से 365 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए हैं। जिसमें से बैंकों द्वारा अभी तक 50 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। प्रेषित आवेदनों में से बैंकों में 7 दिन से ज्यादा के भी आवेदन है जो कि बियॉन्ड टाइम हो चुके हैं।



जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री की मुख्य योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में बैंकों द्वारा लापरवाही बरतने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बैंक प्रतिनिधियों को सभी लम्बित आवेदन को स्वीकृत या अस्वीकृत करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही कहा कि जब तक सभी लम्बित आवेदन निर्णित नहीं किए जाते तब तक संबंधित बैंक प्रतिनिधि बैठक से नहीं जाएंगें। जिलाधिकारी के इस निर्देश पर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रेस नोट लिखे जाने तक 50 आवेदनों पर बैंकरों द्वारा निर्णय लिया गया।

# नगर आयुक्त ने रात्रि निरीक्षण के लिए भेजी टीम, खुले आसमान में ना सोएं निराश्रित

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** सर्दी के दिनों का सामना कर रहे लोगों को गुरुवार को ठंड का प्रकोप और बढ़ गया, क्योंकि बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई, जिससे ठंड का प्रकोप और बढ़ गया। साथ ही, पैदल चलने वालों और यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सर्द मौसम में नगर निगम का शेल्टर होम एवं रैन बसेरा निराश्रितों के लिए सहारा बन गए हैं। सर्द रात में ठिठुर रहे लोगों के बचाव के लिए रैन बसेरों के साथ अलाव की भी व्यवस्था की गई है। वहीं खुले में सो रहे निराश्रितों को स्थाई और अस्थाई रेन बसेरों में पहुंचाया जा रहा है। बढ़ती ठंड को देखते हुए निगम ने स्थाई एवं अस्थाई रेन बसेरों में व्यवस्थाओं को



बढ़ाया है। बिस्तरों की संख्या कंबलों की संख्या साथ ही साथ अलाव व्यवस्था को भी बढ़ाया है। रेन बसेरों में हीटर भी लगवाए गए हैं। खुले आसमान में सड़कों के आसपास फुटपाथ पर कोई भी ठंड में ठिठुरते ना मिले ना ही रात्रि में सोता हुआ मिले, इसके लिए लगातार निगम अधिकारी मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं। जिसका खुद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक जायजा भी ले रहे है। नगर निगम के सभी जोन में विशेष ध्यान देते हुए नगर आयुक्त द्वारा रात्रि में निगम की टीम को मोहन नगर चौराहे से लेकर शालीमार गार्डन होते हुए भोपुरा तक, विजय नगर, प्रताप विहार, कवि नगर, गोविंदपुरम, संजय नगर, राज नगर, सिटी जोन घंटाघर, रेलवे स्टेशन, बजरिया, वसुंधरा कौशांबी, वैशाली व अन्य सभी सार्वजनिक क्षेत्र में भेजा गया। खुले आसमान के नीचे ठंड में सोने वाले निराश्रितों को तत्काल आश्रय स्थलों में भिजवाने के निर्देश दिए गए। मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव खुद सभी जोनल प्रभारी के साथ निरीक्षण के लिए निकले। निराश्रितों को आश्रय स्थल पहुंचाने का कार्य किया गया। बेसहारों को स्थाई और अस्थाई रैन बसेरे में ले जाया गया। यह अभियान सभी जोन में चलाया जा रहा है। मौके पर विजय नगर जोनल प्रभारी अंगद गुप्ता, वसुंधरा से एसके राय, सिटी जोन से महेंद्र, कवि नगर से राजेश गुप्ता और मोहन नगर क्षेत्र से आरपी सिंह मौजूद रहे।

# महाकुंभ में चमकी गाजियाबाद की अनोखी चक्की

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की एक इंजीनियरिंग कंपनी ने महाकुंभ 2025 में एक अभिनव आविष्कार से सबका ध्यान खींचा है। यह अनोखी आटा चक्की न केवल पारंपरिक पिसाई को नया आयाम दे रही है, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। महाकुंभनगर में स्थित मीडिया सेंटर के पास प्रदर्शित यह मशीन दैनिक जीवन में व्यायाम और पोषण को एक साथ जोड ? का अनूठा प्रयास है। यह न केवल स्वास्थ्य और पोषण को एक साथ जोड़ती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण




में भी योगदान करती है। इस नवाचार की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सरलता और बहु उपयोगिता है। बिजली की खपत किए बिना मात्र 20 मिनट में एक किलो आटा तैयार करने वाली यह मशीन पर्यावरण के अनुकूल है। साइकिल की तरह पैडल मारकर चलाई जाने वाली यह चक्की घर में जिम का विकल्प भी प्रदान करती है। महिलाओं के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी साबित हो रही है, जो अपने व्यस्त दिनचर्या में व्यायाम के लिए अतिरिक्त समय नहीं निकाल पातीं। प्रदर्शनी में श्रद्धालुओं को इस मशीन पर मुफ्त में अनाज पीसने की सुविधा दी जा रही है।